हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 18 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.8 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

12 जनजातीय समाज के इतिहास को नृत्य के जरिए किया प्रदर्शित



13 जामुल मंडल में हुआ विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान








## खबर संक्षेप

### फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई।** लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 78 को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 16-17 की रात कॉम्बिंग गश्त चलाकर 35 स्थायी व 43 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें सुपेला में 21, भिलाई नगर 2, भिलाई भट्ठी 2, दुर्ग, अंजोरा, नगपुरा, स्मृतिनगर, वैशाली नगर, छावनी, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई, पाटन, अण्डा से 1-1 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इसके अलावा छावनी 7, जामुल 5, रानीतराई 4, भिलाई नगर 3, नेवई 3, वैशाली नगर 3, पद्मनाभपुर 2, सुपेला 2, खुर्सीपार 2, उत्तई 2, धमथा 2, पुलगांव, भिलाई भट्ठी, पुरानी भिलाई, अमलेश्वर, जामगांव (आर) लिटिया, नंदिनी नगर से 1-1 वारंटी को पकड़ा गया है।

### दुकान से 40 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** ऑटो दुकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसका सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पुरानी बस स्टैंड स्थित मध्यानी ऑटो स्टोर्स में 15 नवंबर की रात चोरी की वारदात हुई। चोर ने पीछे दीवार पर लगे कूलर के सहारे दुकान पर चढ़ा था। दुकान से नकद मोबाइल समेत 40 हजार पार कर दिया। बताया जा रहा है चोर ने दुकान में घुसते ही दुकान के सभी सीसीटीवी कैमरों की केबल काट दिया था लेकिन एक कैमरे का तार नहीं कट पाया। जिससे घटना सारा रिकॉर्ड हो गया। दुकान संचालक मोहित मध्यानी ने बताया कि 15 नवंबर की रात दुकान बंद की थी। 16 नवम्बर सुबह दुकान खोलने पर काउंटर खुला पड़ा मिला। काउंटर से नगद 35 हजार रुपए और 5 हजार रुपए का सैमसंग मॉडल मोबाइल गायब था।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित हाई पॉवर कमेटी का चार सदस्यीय दल पहुंचा दोनों मृतक महिलाओं के घर, सीएस से भी ली जानकारी

**सिस्टम का फेलियर**

# नसबंदी के नाम पर महिलाओं को तीन दिन तक भूखा रखा गया ऑपरेशन के दौरान भी बरती गई लापरवाही, इसलिए गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान दो महिलाओं की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। ऑपरेशन के दौरान बरती गई लापरवाही और तीन दिन तक महिलाओं को भूखा रखे जाने की वजह से उनके कमजोर होने की बात सामने आई है। बता दें कि 8 नवंबर को ऑपरेशन के दौरान सिकोलाभाठा निवासी किरण यादव और बजरंग नगर निवासी पूजा यादव की मौत हो गई थी। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग से जांच कराई जा रही है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर चार सदस्यीय दल का गठन किया गया है। इसमें विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक अरुण वोरा और पूर्व महापौर नीता लोधी को शामिल किया गया है। टीम ने सोमवार को दोनों महिलाओं के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। दोनों ही महिलाओं के घर पर करीब आधे-आधे घंटे का समय बिताया। पति, सास और अन्य रिश्तेदारों से बात की। इसके बाद शाम करीब 7 बजे सिविल सर्जन डॉ. आशीषण मिंज से भी मुलाकात जिम्मेदार डॉक्टरों और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद पूर्व मंत्री और विधायक अनिला भेड़ियां ने इसे पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सीधे तौर पर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही है। ऑपरेशन थिएटर में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गया। इतना ही नहीं ऑपरेशन से पहले तीन दिनों तक महिलाओं को भूखा रखा गया, जिसकी वजह से महिलाओं में काफी कमजोरी आ गई। कांग्रेस की हाई पॉवर कमेटी अब यह रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंपेगी।



### हेल्थ सिस्टम और सरकार की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

पूजा यादव (27 वर्ष) और किरण यादव (30 वर्ष) के मामले में हाई पॉवर कमेटी ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। परिजनों ने भी आक्रोश व्यक्त किया है। अनिला भेड़िया के नेतृत्व में समिति के सदस्य सबसे पहले शाम करीब साढ़े 4.30 बजे सिकोला भाठा स्थितर किरण यादव के घर पहुंचे, जहां परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इसके बाद समिति बजरंग नगर पूजा यादव के पति और परिजनों से चर्चा की परिजनों ने बताया कि दोनों महिलाएं ऑपरेशन से पहले पूरी तरह स्वस्थ थीं, लेकिन ऑपरेशन के बाद उनका शरीर पूरा नीला पड़ गया। परिजनों का आरोप है कि दोपहर 12:30 बजे ऑपरेशन हुआ, लेकिन किसी भी तरह की जानकारी उन्हें नहीं दी गई। बाद में डॉक्टरों ने सिर्फ मौत की सूचना देकर पल्ला झाड़ लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि एक ही डॉक्टर तीन-तीन ऑपरेशन कर रहा था, जिससे गंभीर लापरवाही की आशंका है। वोरा ने कहा कि हेल्थ सिस्टम में मानवीय संवेदना का अंत हो चुका है। बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि मौत कोई साधारण घटना नहीं। यह सिस्टम की गहरी नाकामी है। जांच में पता चला कि अस्पताल में 500 बिस्तरों के मुकाबले सिर्फ 116 नर्स, 11 डॉक्टर और 50 बॉन्डेड डॉक्टर तैनात हैं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा आदि मौजूद थे।

### 5 दिन पहले गर्भपात कराया, उस समय नहीं हुई थी कोई परेशानी



बजरंग नगर निवासी पूजा यादव गर्भवती थी। दो बच्चों में छोटा ढाई साल का होने के कारण चार दिन पहले उसने जिला अस्पताल में ही गर्भपात कराया था। परिजनों के अनुसार खून की कमी होने के कारण उस समय उसे एक यूनिट खून भी चढ़ाया गया। पहले और बाद में कोई परेशानी नहीं हुई। मात्र चार दिन बाद नसबंदी की सर्जरी के दौरान तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई।

### सुबह नवजात को जन्म दिया, शाम में खुद नहीं रही, टूटा गम का पहाड़



सिकोला भाटा निवासी किरण यादव ने सिजेरियन डिलीवरी से एक बच्चे को जन्म दिया। सीजर के दौरान ही परिजनों ने नसबंदी करने कहा था, इसलिए नसबंदी भी की जाने लगी। पूजा का यह दूसरा बच्चा था। पहले बच्चे की उम्र करीब 5 वर्ष बताई गई है। परिजनों के अनुसार उसे कोई बीमारी नहीं थी। नर्सों ने कहा कि सुबह बच्चे के जन्म से खुशियां आई, शाम में गम का पहाड़ टूट पड़ा।

### 8 नवंबर को ऑपरेशन के दौरान हुई थी दोनों महिलाओं की मौत

जिला अस्पताल में नसबंदी के दौरान 8 नवंबर को दो महिलाओं की तबीयत इस कदर बिगड़ी की उनकी जान चली गई। सर्जरी करने वाली टीम की प्रमुख डॉ. उज्जवला देवांगन के निगरानी में यह ऑपरेशन हुए। जानकारी के मुताबिक ओटी टेबल पर ही दोनों को झटके व अकड़न होने लगी थी। नसबंदी के बाद आनन-फानन में दोनों को 200 मीटर दूर आईसीयू में शिफ्ट करा दिया गया। दोनों महिलाओं में एक बजरंग नगर निवासी 27 वर्षीय पूजा यादव पत्नी विकास यादव ने आईसीयू में दम तोड़ दिया। दूसरी सिकोला भाटा निवासी 30 वर्षीय किरण यादव पत्नी प्रकाश यादव को बेहतर उपचार के लिए परिजन निजी सेंटर ले जाना चाह रहे थे, तभी हार्ट बीट रुक गई। आईसीयू के ड्यूटी डॉक्टर ने सीपीआर दिया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। कुछ देर में उसकी भी मौत हो गई। सीएस ने दोनों की मौत की मौत का संभावित कारण सर्जरी के लिए लगाई दवाओं में से किसी एक का रिएक्शन बताया था। सर्जरी करने वाली डॉ. उज्जवला ने भी रिएक्शन की वजह मौत की आशंका जाहिर की। महिलाओं को सुबह सकुशल भर्ती कराने वाले परिजन अचानक उनकी मौत से सदमें में हैं। वे कुछ नहीं बोल पाए। सर्जरी के बाद के मात्र 4 घंटे के भीतर दो परिवारों की दुनिया उजड़ गई।

**जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की घटना कंबल में लपेटकर छोड़ा गया**

## खंडहर की सीढ़ियों में मिली नवजात, परिजनों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

एक खंडहर में नवजात कांपती हुई बच्ची मिली है। घटना गोकुलधाम के अयोध्या नगर जामुल की है। मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची की रोने की आवाज आने पर सड़क किनारे कंबल में लिपटी नवजात बच्ची खंडहर में पड़ी थी। जिसकी सूचना लोगों ने डायल 112 को दी।

जामुल पुलिस मौके पर सुबह करीब 7 बजे पहुंच गई। नवजात को दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची को दो दिन से अधिक की है। बच्चीं का मेडिकल जांच भी कराया जा रहा है। बस्ती के लोगों ने बताया कि सुबह-सुबह सन्नाटा रहता है, इसी दौरान अचानक रोने की तेज आवाज सुनाई दी। तो लगा कि किसी घर से बच्चे के रोने की आवाज आ रही है। आवाज लगातार आने पर लोग मौके पर पहुंचे। जहां पर बच्ची कंबल में लिपटी मिली। सुबह किसी ने बच्ची को छोड़ फरार हो गया। घटना को लेकर पुलिस वारिसनों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस आसपास के सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। यहां बच्ची को यहां किसने छोड़ा इसे लेकर जांच शुरु कर दिया गया है। पुलिस अस्पतालों और निजी नर्सिंग होम की भी पतासाजी कर रही है। हाल ही में महिला की डिलीवरी हुई और क्या किसी नवजात के लापता होने की शिकायत इस पर भी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है और मेडिकल टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जामुल में गोकुलधाम में अयोध्या नगर में खंडहर नवजात बच्ची मिली। खंडहर की सीढ़ियों पर नवजात को छोड़कर फरार हो गया है। बच्चीं को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। बच्ची लावारिस हालत में मिली है। उसके परिजनों की तलाश में पुलिस जुटी है।

## अवैध विज्ञापन : निगम ने डिजाइनिंग हब पर लगाया 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

**बिना निगम की अनुमति के की जा रही थी फ्लेक्स प्रिंटिंग**

नगर पालिक निगम भिलाई फ्लेक्स प्रिंटिंग करने वाले डिजाइनिंग हब पर बड़ी कार्रवाई की है। बिना अनुमति के फ्लेक्स प्रिंटिंग करते पाए जाने पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

जोन-1 में अवैध विज्ञापन सामग्री के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई वार्ड 17 के अंतर्गत डिजाइनिंग हब नामक प्रिंटिंग एजेंसी द्वारा बिना निगम की अनुमति के फ्लेक्स प्रिंटिंग करने और उन्हें सार्वजनिक स्थान पर लगाने के संबंध में की गई। निगम की टीम ने अवैध रूप से स्थापित किए गए फ्लेक्स को हटाया और नियमों का उल्लंघन करने पर डिजाइनिंग हब पर 5,000 रुपये का पेनल्टी) लगाया।

जोन आयुक्त अजय राजपूत ने प्रिंटिंग एजेंसी को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे निगम से अनुमति प्राप्त किए बिना किसी भी ग्राहक का बैनर, पोस्टर या फ्लेक्स न छापें और न ही उन्हें स्थापित होने दें। ऐसा नहीं करने पर भविष्य में किसी भी उल्लंघन पर नियमों के अनुसार और कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अजय राजपूत जोन आयुक्त, शरद दुबे सहायक राजस्व अधिकारी, अंकित सक्सेना जोन स्वास्थ्य अधिकारी, कमलेश द्विवेदी स्वच्छता निरीक्षक एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### चोरी की तीस साइकिल जब्त, दो युवक पकड़ाए



**भिलाई।** साइकिल चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मिनी माता पारा नेवई निवासी नीरज आडिल ने चोरी की शिकायत की थी। मुखबिर की सूचना पर संदेही हाउसिंग बोर्ड छावनी निवासी जय विश्वकर्मा उर्फ जय, श्रमिक नगर जामुल डोमन यादव को मैत्री गार्डन के पास से आरोपियों की निशानदेही पर बैकुंठधाम मंदिर के पास साइकिल जब्त की। जय उर्फ अजय से 16 और डोमन यादव से 14 नग चोरी के साइकिल जब्त किया गया। कुल 30 साइकिल की कीमत 1 लाख 9 हजार रुपए आंकी गई है।



## खबर संक्षेप



### सुरक्षित लड़कापन 3.0 पर कार्यशाला का आयोजन

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त रुप से सुरक्षित पारा-सुरक्षित लड़कापन 3.0 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई के सभागार में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, डॉ. नीता बाजपेयी, राज्य एनएसएस अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अभिषेक त्रिपाठी, विशेषज्ञ, यूनिसेफ ने सुरक्षित पारा अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बच्चों एवं किशोरों की सुरक्षा, लैंगिक समानता और सामुदायिक सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों को यूनिसेफ के विभिन्न अभियानों से भी परिचित कराया।
विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में सदैव अग्रसर है तथा इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, प्राध्यापकों तथा आमंत्रित अतिथियों ने भाग लिया। मंच संचालन डॉ. ज्योति धारकर, प्राध्यापक, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग ने किया।

### कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. विजय वासनिक, सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य (स्वीप प्रभारी), डॉ. मंजूलता साव सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य, कैम्पस एम्बेंसेडर चंचल यादव, ट्विंकल साहू तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. विजय वासनिक ने एसआईआर मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत परिगणना फार्म भरने तथा उद्देश्यों की जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यक दस्तावेजों तथा मतदाताओं के पंजीकरण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. मंजूलता साव ने उपस्थित छात्राओं को मतदाता परिचय पत्र बनाने तथा एसआईआर की प्रक्रिया में लगे बीएलओ को सहयोग प्रदान करने की अपील की। कैम्पस एम्बेसेंडर चंचल यादव ने सभी छात्राओं को मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक जागरूक मतदाता बनने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विजय वासनिक, स्वीप प्रभारी ने सभी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

# नालियों में कचरा जाम, मेयर और आयुक्त ने पकड़ी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मेयर अलका बाघमार एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सोमवार की सुबह वार्ड60 का निरीक्षण करते हुए सफाई एवं नाली व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार,अरुण सिंह, निखिल खिचड़िया,सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता पंकज साहू, बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, ईश्वर वर्मा,करण करोसिया, प्रकाश अहीर, गौतम साहू एवं अतिक्रमण टीम मौजूद रही। मेयर ने वार्ड क्षेत्र में नालियों में जमी गंदगी और कचरा देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही सफाई गैंग बुलवाकर तुरंत सफाई शुरू करवाने निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा नालियों और सड़कों की नियमित सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मेयर एवं कमिश्नर नेपाली बस्ती, साईं नगर और पुष्पक नगर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर नाली जाम, मरम्मत और जल निकासी से जुड़ी समस्याएं सुनीं।

## नेपाली बस्ती में नागरिकों से सीधा संवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

### नागरिकों की सुविधा, निगम की प्राथमिकता

मेयर अलका बाघमार ने कहा नागरिकों की सुविधा निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिकायतों का निवारण तुरंत किया जाए।अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के हल के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में मेयर एवं कमिश्नर ने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और जनसुविधाएं बढ़ाने पर निगम लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण की स्थिति देखने पर मेयर व कमिश्नर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कातुलबोर्ड रोड किनारे पड़े बिल्डिंग मलबे को हटाने का निर्देश।जुनवानी रोड, पुष्पक नगर दुकान के सामने नाली के पास लगे लोहे के साइन बोर्ड फ्रेम को कटर से काटकर जब्त करने आदेश।



### धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर के आसपास लंबे समय से फैला है कचरा

इधर धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर के आसपास पिछले सालभर से कचरा फैला रहता है। डोरटूडोर कचरा उठाने वाले सड़क पर ही कचरा छांटने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा गीला कचरा का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। इस वजह से सर्विस लेन से आवाजाही में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं एसएलआरएम सेंटर के पास ही दुर्ग रोडवेज का वर्कशॉप है, जहां नियमित रूप से सड़क पर बसों को धोया जा रहा है। इस वजह से हर समय सड़क पर पानी जमा रहता है। लगातार शिकायत के बाद भी अब तक निगम ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। युवा कांग्रेस ने भी इसे लेकर शिकायत की, लेकिन नतीजा सिफर रहा।

### अवहेलना : सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का आदेश दरकिनार

# एक माह तक लगातार सड़क पर खड़े आवारा मवेशियों पर कार्रवाई करने के निर्देश, जमीनी हकीकत शून्य

## नगरीय निकाय के संचालक ने 11 नवंबर को दिए निर्देश, उसे भी नहीं मान रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

आवारा मवेशी पिछले कई सालों से हाईवे और मुख्य सड़क पर हादसों का सबब बने हुए हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट और शासन द्वारा स्थानीय प्रशासन और निकायों को आदेश और निर्देश जारी किए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इसके पालन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है।


बता दें कि छत्तीसगढ़ में आवारा मवेशियों से बढ़ रहे हादसों पर 11 नवंबर को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दरअसल हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करने को कहा था। साथ ही मुख्य सचिव से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था। इसके तुरंत बाद उसी दिन संचालक नगरीय निकाय ने सभी आयुक्तों और पालिका, नगर पंचायत के सीएमओ को निर्देश दिए कि अगले 1 महीने तक 24 घंटे अभियान चलाकर मवेशियों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन इसका असर अब तक देखने को नहीं मिला है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले कुछ समय से लगातार इस विषय को लेकर शासन-प्रशासन को आदेश जारी कर रहा है, लेकिन जगहों पर महज आदेशों को आगे बढ़ाकर खानापूर्ति की जा रही है। जमीन पर अब तक इसका असर देखने को नहीं मिला है, जिसकी वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया आदेश

- राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे और शहर की सड़कों से पशुओं को हटाना अनिवार्य, छत्तीसगढ़ शासन इसे सुनिश्चित कराए।
- संयुक्त अभियान चलाकर पशुओं को गौशालाओं और कैटल पाउंड में भेजा जाए, प्रतिवेदन कोर्ट को उपलब्ध कराया जाए।
- सुबह से लेकर रात भर हाईवे पेट्रोलिंग टीम बनाकर मॉनिटरिंग की जाए, सड़क से मवेशी हटाए जाएं।
- हर हाईवे पर स्थायी हेल्पलाइन नंबर लगाए जाएं।
- आदेशों के पालन में लापरवाही पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे।
- 8 हफ्तों में सुप्रीम कोर्ट में पालन पर रिपोर्ट देनी होगी।

### जनहित की याचिकाओं का भी असर नहीं हो रहा प्रशासन पर

जानकारी के मुताबिक सड़क पर आवारा मवेशी से हो रही दुर्घटनाओं के खिलाफ हाईकोर्ट में अब तक कई जनहित याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। अब तक की सुनवाई में हाईकोर्ट ने 10 निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके पालन में प्रशासन ने कुछ दिन कार्रवाई की और फिर भूल गया। कोर्ट के आदेश के पालन में प्रशासनिक कार्रवाई का आलम यह है कि हर सड़क पर मवेशी को भटकने के लिए छोड़ा जा रहा है। सड़कों पर मवेशी मिल रहे हैं। जबकि हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए 27 फरवरी 2020 को मवेशियों पर नियंत्रण के लिए आमजन से सुझाव मंगाया है। साथ ही राज्य शासन को दो सप्ताह में अखबार में सड़क से मवेशी को उठाया जाएगा। पकड़े गए मवेशियों को छुड़ाने पर जुर्माना लिया जाएगा प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसका पालन भी अब तक नहीं हुआ है। कोर्ट ने राज्य के सभी नगर निगमों, पालिकाओं और नगर पंचायतों को पक्षकार बनाकर जवाब मांगा था। न तो मवेशी के सींग में कलर, गले में पट्टा और कान में टैगिंग की गई । न ही गायों का रजिस्ट्रेशन हुआ। 2015 से लेकर अब तक 15 से ज्यादा आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन असर अब तक देखने को नहीं मिला है।





### लावारिस पशुओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने शुरू की गौधाम योजना

निराश्रित, घुमंतु तथा कृषिक पशुओं के संरक्षण को लेकर छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गौधाम योजना की शुरुआत की है। यह योजना निराश्रित, घुमंतु तथा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित) तथा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के अंतर्गत संचालित की जा रही है। निराश्रित, घुमंतु गौवंश तथा जब्त गौवशीय पशुओं का संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षित विस्थापन सुनिश्चित करना है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के अनुसार इस योजना के अंतर्गत गौधाम की स्थापना के लिए ऐसी शासकीय भूमि को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पर्याप्त पानी, बिजली तथा हरे चारे के उत्पादन के लिए चारागाह भूमि उपलब्ध हो। प्रथम चरण में प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास स्थित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। चिन्हांकित भूमि के निकट यदि कोई पंजीकृत गौशाला समिति संचालन हेतु सहमति देती है, तो आयोग की क्रियान्वयन समिति द्वारा ऐसे प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### जानिए, क्या कुछ कहा था हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने

हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने चिंता जाहिर करते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का कड़ाई से पालन करने के आदेश दिए। इस मामले की सुनवाई के दौरान पिछले आदेश के पालन में मुख्य सचिव ने 10 नवंबर को अपना व्यक्तिगत शपथ पत्र प्रस्तुत किया। इसमें बताया कि 24 और 25 अक्टूबर को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़कों से आवारा पशु हटाने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। सभी शहरी क्षेत्रों में कांजी हाउस सक्रिय किए जा रहे हैं। खराब हो चुके कांजी हाउस की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत के लिए दो टोल-फ्री नंबर जारी किए गए हैं। शहरी क्षेत्रों के लिए 1100 और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 1033 टोल फ्री नंबर है। इन नंबरों पर मिली शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पशुओं को कांजी हाउस या गौशाला भेजा जाएगा। कलेक्टर और संभागीय आयुक्त हर हफ्ते समीक्षा करेंगे। हादसा रोकने में लापरवाही पाए जाने पर टोल ठेकेदार जिम्मेदार होगा। सभी टोल प्लाजा के एग्रीमेंट में यह शर्त जोड़ी जाएगी कि सड़कों को पशुओं से मुक्त रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला।

## जनजातीय समाज के इतिहास को नृत्य के जरिए किया प्रदर्शित



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, में जनजातीय गौरव माह के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, उनके सामाजिक योगदान तथा आध्यात्मिक परंपराओं के विविध आयामों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने जनजातीय समाज को भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा बताते हुए कहा कि उनके सामाजिक मूल्य, परंपराएँ और त्याग की परंपरा देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता रामनाथ कश्यप, प्रांत संगठन मंत्री, वनवासी विकास समिति, रायपुर ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक संघर्षों, सांस्कृतिक समृद्धि तथा आध्यात्मिक योगदान पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय ने अपनी परंपराओं को संरक्षित रखते हुए राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय भूमिका निभाई है। विशिष्ट अतिथि राजीव शर्मा, सहसचिव, वनवासी विकास समिति, रायपुर, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक दिग्विजय कुमार, सहायक कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने आयोजन के संचालन के लिए सभी विभागों, समिति सदस्यों और तकनीकी टीम को धन्यवाद दिया।



## सहायक अभियंता का पदोन्नति कोटा 70 फीसदी करने की मांग को लेकर 18 की हड़ताल स्थगित

- छग विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ का प्रतिनिधि मंडल उच्च अधिकारियों से मिला

**भिलाई।** छग स्टेट पॉवर कंपनी के डिस्ट्रीब्यूशन, जनरेशन एवं ट्रॉसमिशन में कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता के पदोन्नति में 70% कोटा किए जाने की मांग को लेकर पत्रोपाधि अभियंता संघ का प्रतिनिधि मंडल उच्च अधिकारियों से मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने अपनी लंबित मांगों को दोहराया। उन्होंने अवगत कराया कि 2 सितंबर को गेट मीटिंग के बाद प्रस्तुत ज्ञापन एवं पूर्व में पॉवर कंपनी के जनरेशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रॉसमिशन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में जिन बिन्दुओं पर चर्चा हुई थी, उन पर प्रबंधन द्वारा कोई भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। इसके कारण संघ द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी में है। 18 नवंबर को एक दिवसीय सत्याग्रह और 25 से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। इसे स्थगित कर दिया गया है। पूर्व में द्विपक्षीय वार्ता हुआ जिसमें संघ द्वारा जनरेशन एवं वितरण कंपनी में कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता के पदोन्नति कोटा को 70% बहाल करने एवं ट्रॉसमिशन कंपनी में सहा. अभियंता का पदोन्नति कोटा 20 से 70% करने व जनरेशन, वितरण एवं ट्रॉसमिशन कंपनी के कनिष्ठ अभियंता के रूके हुए पदोन्नति को शीघ्र जारी करने एवं अन्य विभिन्न मांगों को पूर्ण करने प्रबंधन के समक्ष रखा था। सोमवार को सहायक श्रम आयुक्त की मध्यस्थता में प्रबंधन के अधिकारियों एवं संघ के पदाधिकारीयों के बीच बैठक में चर्चा की गई। संघ द्वारा प्रस्तावित आंदोलन को आगामी निर्णय तक स्थगित कर दिया गया है।



### धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी संचालन के लिए 87 समितियों के अंतर्गत 102 धान उर्पाजन केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेशानुसार नोडल अधिकारी उपार्जन केन्द्रों में नियमित रूप में भ्रमण कर चेक लिस्ट में दिये गए निर्देशानुसार जांच करेंगे। उपार्जन केन्द्रों में खाली बारदानों (नये-पुराने) की आपूर्ति एवं प्रदाय, धान के भरे हुए बोरों की स्टेकिंग आदि का मिलान करते हुए प्रत्येक शनिवार को दिये गये एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन करेंगे तथा अनियमितता पाये जाने पर जिला खाद्य कार्यालय को अवगत कराया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी अपने अनुभाग मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाकर रोटेशन अनुसार नामवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगायेंगे।

## छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवक-युवती कर्नाटक के लिए हुए रवाना

**भिलाई।** सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित 17 वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जिला कांकेर छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से चयनित 20 आदिवासी युवक एवं युवतियों का नौवां जत्था रायपुर रेलवे स्टेशन से बैंगलोर कर्नाटक के लिए रवाना किया गया। ये प्रतिभागी बैंगलोर कर्नाटक में भारत के विभिन्न राज्यों से आए अन्य आदिवासी युवाओं के साथ मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप का अवसर मिलेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं वेषभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में अन्य राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जायेगी। साथ ही बैंगलोर कर्नाटक के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।यह 17वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 'युवा मामले और खेल मंत्रालय' तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 7 दिन है। कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 25 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 650 चयनित युवा भाग ले रहे है। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में उच्च अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, आदि के बारे में जानना शामिल है।




### पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम सूरत गुजरात में हुई प्रतियोगिता

# कुडो नेशनल एवं इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 134 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- दुर्ग जिले से 87 खिलाड़ियों ने लिया भाग

पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम सूरत गुजरात में आयोजित सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में 17वीं अभिनेता अक्षय कुमार कुडो इंटरनेशनल टूर्नामेंट 16 वीं कुडो नेशनल टूर्नामेंट एवं 6वीं फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए तीनों टूर्नामेंट में 44 स्वर्ण 35 रजत और 55 कांस्य पदक जीत कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ जिले का नाम रौशन किया। टूर्नामेंट में 106 प्लेयर और 5 कोच मैनेजर कुल 111 सदस्यों ने हिस्सा लिया था जिसमें 87 खिलाड़ी दुर्ग जिले से है

राज्य कुडो संघ के अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि 2022 में 57 पदक 2023 में 42 पदक 2024 में 122 पदक और सबसे ज्यादा पदक 2025 में 134 पदक जीतकर अब तक कुल 355 मेडल नेशनल इंटरनेशनल में रिकॉर्ड मेडल जीत कर छत्तीसगढ़ के कुडो खिलाड़ियों ने राज्य को गौरवान्वित कर रहें हैं। जिसमें भूपत साहू और मनीष कुमार साहू का चयन कस्टम डिपार्टमेंट कोलकाता कुडो स्पोर्ट्स कोटा से हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कुडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की चेयर वूमेन अनुराधा सिंह संरक्षक आशीष सुराना जी सुरेंद्र सिंह चंदेल एवं जिला कुडो संघ दुर्ग की सचिव लीलिमा सोनी ने शुभकामनाएं दिए।



### पदक विजेताओं में

लीलिमा सोनी 2 स्वर्ण 1 कांस्य, भूपत साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, अग्रिमा जाधव 3 स्वर्ण, मौलिक सिंह 3 स्वर्ण, खिलेशवरी साहू 3 स्वर्ण, दामिनी साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, चेश्वरी साहू 3 स्वर्ण, फलक साहू 2 स्वर्ण, प्रकृति गुप्ता 1 स्वर्ण 2 रजत, गगन सहगल 3 स्वर्ण, गीतेशवरी साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, रघुनाथ नेताम 2 स्वर्ण अरमान चक्रधारी 1 स्वर्ण, नब्या राजपूत 2स्वर्ण 1 रजत, विहान साहू 1 स्वर्ण 1 कांस्य, रुद्राक्ष हियानिया 1 स्वर्ण 2 रजत, शानवी चतुर्वेदी 1 स्वर्ण 1 रजत, प्रांजल यादव 1,स्वर्ण, होशिका साहू 2 स्वर्ण 1 रजत, आउंन अब्बास रिजवी 1 स्वर्ण 1 रजत, ईशान सेन 1 स्वर्ण 1 कांस्य, हर्षित सिन्हा 2 स्वर्ण 1 कांस्य हीना ठाकुर 1 स्वर्ण 2 कांस्य, अलंकृत चंद्राकर 1 स्वर्ण 1 रजत, 1 कांस्य, अभिमन्यु साहू 1 रजत, वैभव देशमुख 1 रजत तोयेस राउते 1 रजत हार्दिक राजपूत 1 रजत सहित अन्य खिलाड़ियों ने पदक जीते।

### शपथ समारोह 18 को

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नशा मुक्त भारत अभियान एनएमबीए के पाँच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने 18 नवंबर को जिले में व्यापक स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे अधिक से अधिक नागरिक इसमें शामिल हो सकें। उन्होंने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, आम जनता, जनप्रतिनिधियों, जिलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और कृषि शिक्षा, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, महिला समूहों, स्वयंसेवकों, सहित एवं अन्य सभी वर्गों को सम्मिलित करते हुए 18 नवंबर को व्यापक स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कराना सुनिश्चित करें।

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुन्टुम्ब न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)**
**न्यायालय-प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**
**//समंस//**

प्रोसेस क्रमांक- 2078/2025, प्रकरण क्र.-CIVIL.M.J.C. 042025
पक्षकार-मधु तांडी
**//विरुद्ध//**
विशाल तांडी पेशी तिथि-20.11.2025

**आवेदक-** मधु तांडी पति विशाल तांडी उम्र 30 वर्ष पिता स्व. शिव प्रसाद देवदास निवासी-दुर्ग रेल्वे स्टेशन के पीछे तितुरडीह दुर्ग, छ.ग.

**बनाम**

**अनावेदिका-** विशाल तांडी पिता स्व. खेनजा तांडी, उम्र 38 वर्ष, निवासी-मकान न. 57, उरला, अटल आवास, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.

उपरोक्त आवेदिका ने आदेश 09 नियम 09 व्य.प्र.स. पक्षकार मधु तांडी विरुद्ध विशाल तांडी के अंतर्गत ऊपर वर्णित अनावेदिका के विरुध्द आवेदन प्रस्तुत किया है।

आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायलय में पेशी दिनांक 20 माह 11 सन् 2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। **आज दिनांक 13/10/2025 को इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।**

**(थॉमस एक्का) प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब, न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**

## निधन

### इंद्रपरी देवी



**भिलाई।** हाउस नंबर-887, सड़क नंबर-14, शांति नगर, भिलाई निवासी इंद्रपरी देवी का निधन 17 नवंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पुत्र बृजेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### श्रीकांत चंद्रशेखर रहटगांवकर



**भिलाई।** प्लॉट नं. 92/93, छाया गार्डन रोड, साईं बाबा मंदिर के सामने, प्रगति नगर, रिसाली निवासी श्रीकांत चंद्रशेखर रहटगांवकर आईएफएस 62 वर्ष का 16 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 नवम्बर को प्रातः 10 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ममता रहटगांवकर के पति और हर्ष, श्री राम के पिता थे।

### रामदयाल शर्मा



**दुर्ग।** कादम्बरी नगर निवासी रामदयाल शर्मा 87 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में सोमवार को किया गया। वे डॉ. महेन्द्र, प्रदीप, प्रकाश एवं हेमलता शर्मा के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### शांति बाई साहू



**दुर्ग।** ग्राम भेड़सर निवासी शांति बाई साहू 60 वर्षीय का निधन 16 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे संतोष, गुलाब, दयाराम की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# दवा विक्रेताओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग, नियमन एवं कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी

## स्वामी आत्मानंद ऑडिटोरियम पाटन में एनडीपीएस अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

दुर्ग जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा स्वामी आत्मानंद ऑडिटोरियम पाटन में एनडीपीएस अधिनियम पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला का उद्देश्य दवा विक्रेताओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग, उनके नियमन, बिक्री संबंधी नियमों एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। पाटन ब्लॉक के सभी केमिस्ट साथी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन से सहायक औषधि नियंत्रक संजय झाड़ेकर, औषधि निरीक्षक विष्णु साहू, गायत्री पटेल और पाटन ब्लॉक की प्रभारी औषधि निरीक्षक जागेश्वरी साहू उपस्थित थीं। उन्होंने अधिनियम, दवा बिक्री में सतर्कता, रिकॉर्ड संधारण, लाइसेंस संबंधी नियम तथा गलत बिक्री पर होने वाली कानूनी कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी।

पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक और नेहा बाबा वर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने दवा विक्रेताओं की सामाजिक भूमिका, जिम्मेदारी और स्वास्थ्य सुरक्षा में



उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ की ओर से छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के महासचिव अविनाश अग्रवाल, जिला संघ के अध्यक्ष वकार हसन कामदार, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जैन, संगठन मंत्री गणेश ताम्रकार, उपाध्यक्ष विनय पंचोली, पीआरओ जयवीर गुप्ता सहित कार्यकारिणी सदस्य नरेश दहिया, राजेश श्रीवास्तव, प्रशांत शर्मा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, अजय अग्रवाल, प्रमोद बाघ, नंदकुमार ताम्रकार, मनोज कुमार साहू, जितेंद्र पांडे, दिनेश मिश्रा, भवन देवांगन, दीपक चंद्राकर राजू वर्मा, बसंत देवांगन, किशोर साहू, पुरषोत्तम पेंडरिया, बसंत देवांगन, वीरेंद्र साहू, महेश यादव, डोमार यादव, हेमंत साहू, सूरज साहू, शैलेश साहू, गोवर्धन सिन्हा, मुकेश साहू, हरीश साहू सहित समस्त केमिस्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और दवा विक्रेताओं ने इसे अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### शंकराचार्य में आयोजित हैकाथॉन में पहुंचे मंत्री खुशवंत साहेब

# छत्तीसगढ़ को टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में तेजी से हो रहा काम : खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री खुशवंत साहेब सोमवार को शंकराचार्य तकनीकी परिसर में आयोजित संविद 2025 एवं हैकाथॉन नवाचार एवं प्रौद्योगिकी उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं शंकराचार्य विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की है और यहां के अनुभवों ने उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने छात्रों को मेहनत और योजनाबद्ध कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग छात्र मल्टी-टैलेंटेड होते हैं जो हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भिलाई में नवाचार के अनगिनत अवसर है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य समूह ने नवाचार के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय युवाओं की सोच को ध्यान में रखकर तकनीक आधारित अनेक विकास कार्य कर रहे हैं। इस




अवसर पर मंत्री ने बताया कि नया रायपुर में 13.5 एकड़ में एआई सेंटर विकसित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और छत्तीसगढ़ को तकनीक के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से तकनीक के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और संस्कारों को भी शिक्षा प्रणाली से जोड़ा गया है।उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

#### नौकरी खोजने वाला नहीं देने वाला बनने की जरूरत

समारोह में शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने प्रेरणादायी संबोधन देते हुए कहा कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि संस्थान के दो विद्यार्थी आज उच्च पदों पर प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के कैबिनेट एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तथा राजस्व निरीक्षक रामजी वर्मा। उन्होंने संदेश दिया कि विद्यार्थियों को नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने परिश्रम को ही सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर विधायक ग्रामीण ललित चंद्राकर, शंकराचार्य विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर एके झा, डायरेक्टर पीवी देशमुख, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश, जया मिश्रा तथा विद्यार्थी, शोधार्थी, प्राध्यापक, विशिष्ट नागरिक उपस्थित थे।

### मंत्री से शिक्षक भर्ती में रसायन पद जोड़ने की मांग



**उतई।** रसायन अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से शिक्षक भर्ती में रसायन पद जोड़ने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने बताया कि 2019 के बाद शिक्षक भर्ती में रसायन के पदों पर सीधी भर्ती नहीं हुई है। बड़ी संख्या में छात्र पिछले 5 साल से शिक्षक भर्ती की तैयारी जुटे हुए है। बाहर से आकर शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहे हैं। इस बार भी वैकेंसी में रसायन शास्त्र का पद नहीं जोड़ा गया हैं, जिससे तैयारी में जुटे विद्यार्थी हताश व निराशा है। पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों ने रविवार को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मिलकर पद वृद्धि कर वैकेंसी निकालने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वे खुद को मानसिक रुप से प्रताड़ित महसूस कर रहे या समस्या पूरे प्रदेश की है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से गौरव शर्मा ,अनिल सिदर, सूर्यकांत, गोकुल कुमार, लोकेश ,हरि शंकर, नितेश साहू, जितेश ,वंदना ,उर्वशी, जगदीश, भावना, संतोष, किरण और परमानंद सहित अभ्यर्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बाल मेला में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महक उठा कॉलेज परिसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थियों को स्टार्टअप और उनमें उद्यमी प्रयासों की भावना विकसित करने के उद्देश्य से 'हंसी खुशी के ठऊर' नाम से छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेला का आयोजन किया गया ।


महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल के प्रयासों से आनंद मेला की तर्ज पर विद्यार्थियों ने इस छोटे से फूड फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्वयं बनाकर विक्रय किए। पूरा महाविद्यालय देशी और छत्तीसगढ़ी व्यंजन के फ्यूजन और थीम पर महकता रहा । एक तरफ छत्तीसगढ़ी चाट, गुपचुप तिखुर और फरहा जैसे व्यंजन थे वहीं दूसरी और छोले पूरी, ढोकला, चाऊमीन और मंचूरियन जैसे व्यंजनों में भी विद्यार्थियों ने अपने हुनर को दिखाया । सभी विद्यार्थियों में स्टार्टअप के गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी चेतना सोनी और वाणिज्य विभाग के द्वारा इस छोटे से प्रयास को सभी विभागाध्यक्ष के सहयोग से सफल बनाने की कोशिश की गई।

■ विद्यार्थियों को स्वावलंबन की ओर बढ़ने किया प्रेरित

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्वावलंबन की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया और भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों को करने के लिए प्रेरित किया ताकि शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी इस योग्य तो हो कि वह स्वावलंबन के माध्यम से न केवल स्वयं बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार देने के लिए सक्षम हो। इस उद्यम मेले में विद्यार्थियों ने जो लाभ कमाया उससे वह अच्छे कार्यों में संयोजित करना चाहेंगे।

बिजनेस साइट

## भारती विश्वविद्यालय में वेबिनार एवं नशा-मुक्ति जागरुकता अभियान




**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित 'नशा मुक्त भारत अभियान - 5वीं वर्षगांठ अभियान' के अंतर्गत एक रैली एवं जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य अभियान के संदेश 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' का व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा छात्रों, संकाय सदस्यों और जनसामान्य के को नशे के दुष्प्रभावों एवं स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अस्था चतुर्वेदी और सम्पदा बैस द्वारा किया गया, सरिता गुप्ता ने सहयोग प्रदान किया। उक्त आयोजन युवा सशक्तिकरण, नशा-मुक्त समुदायों और सामाजिक कल्याण जैसे राष्ट्रीय उद्देश्यों में सार्थक योगदान देने के विश्वविद्यालय की संकल्पबद्धता का अंग है। विधि संकाय विधिक जागरुकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास को विभिन्न उपक्रम के माध्यम से प्रोत्साहित करता रहा है। इस कड़ी में 14 नवम्बर को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से 'फ़िल्म एवं संगीत पाइरेसी' विषय पर एक ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थानों के 150 से अधिक छात्रों, संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. गुरुराज देवरहुबली, सहायक प्रोफेसर, निमरा यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद (गुजरात) थे, उन्होंने फिल्म एवं संगीत उद्योग में बढ़ती पाइरेसी, कॉपीराइट के कानूनी पहलुओं, डिजिटल उल्लंघनों की चुनौतियों तथा नवीन प्रवृत्तियों पर व्यापक और सारगर्भित व्याख्यान दिया, जिससे प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों की गहन समझ प्राप्त हुई।

## श्री शंकराचार्य टेक्नीकल कैम्पस में एआईसीटीई-अटल एफडीपी कार्यक्रम



**भिलाई।** इलेक्ट्रानिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक सप्ताह से चल रहे एफडीपी का सफल समापन 10 नवंबर को किया गया। इस ऑनलाईन एफडीपी में 200 से अधिक प्रतिभागी रहे। 4 नवंबर को आरंभ हुये इस एफडीपी का प्रमुख उद्देष्य शिक्षकों, शोधकर्ताओं को एआई और एमएल को इंजीनियरिंग शिक्षा और अनुसंधान में एकीकृत करने के लिये आवश्यक विशेषज्ञता प्रदान करना था। उद्योग विशेषज्ञों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। संस्था के चेयरमेन व प्रोग्राम के मुख्य संरक्षक आईपी मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुये आषा व्यक्त की है कि इस कार्यक्रम के आयोजन से एआई और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में नये अवसर और चुनौतियों का पता चला होगा। संरक्षक, डॉ. जया मिश्रा मेडम ने एफडीपी के समापन पर सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और आयोजकों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य अकादमिक, शोधकर्ताओं और उद्योग विषेषज्ञों को साथ लाना पूर्णरूपेण सफल रहा।

## जेसीआई दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष बने जेसी संतोष रानू कुमार




**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई, जो कि शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था है, पिछले 52 वर्षों से समाज, व्यवसाय और नेतृत्व विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संस्था का चुनाव कार्यक्रम 'रेस टू लीड' थीम के अंतर्गत अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में 9 नवम्बर को होटल कैम्बियन, स्टेशन रोड, दुर्ग में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वर्तमान अध्यक्ष जेसी आलोक रचना अग्रवाल के स्वागत उद्बोधन से हुई, उन्होंने बताया कि नामांकन चरण में सदस्यों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया तथा सभी नामांकनों की निष्पक्ष जांच के उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया में पूर्व अध्यक्ष जेसी लख्मी रेखा लेखवानी, जेसी सी.पी. अंजू गजवानी तथा जेसी रजनीश मंजू जायसवाल ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए चुनाव अधिकारी का पूर्ण सहयोग किया, संस्था के 53वें वर्ष जेसीआई दुर्ग-भिलाई 2026 की नई कार्यकारिणी का नेतृत्व करेंगे जेसी संतोष रानू कुमार, जिन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सचिव के रूप में जेसी तोरण स्वाति अटल तथा कोषाध्यक्ष के रूप में जेसी रितेश सुनीता पंडित का चयन किया गया। जेसी प्रखर ट्विंकल पारख को पीआरओ, जेसी प्रांजल हरिहरनो को ग्रीटर, तथा जेसी गुंजा पिंचा को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया।

## सुरपा सोसायटी में पूजा-अर्चना कर किया धान खरीदी की शुरुआत



**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरपा में 17 नवम्बर को धान खरीदी का शुभारंभ किया गया, जो कि भाजपा नेत्री कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में हुआ। विदित हो कि पूरे प्रदेश में 15 नवम्बर से धान खरीदी की शुरुआत हो गई है। उसी के तहत सेवा सहकारी समिति सुरपा में 17 नवंबर सोमवार को धान खरीदी शुरू की गई। कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने श्रीफल के साथ पूजा कर धान खरीदी का शुभारंभ किया पहले दिन 15 किसानों ने धान बेचा और लगभग 752.00 क्विंटल धान का खरीदी किया गया।

इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति सुरपा के अध्यक्ष नारद साहू, खेमलाल देशलहरे सभापति जनपद पंचायत पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के समिति प्रबंधक मुकेश कुमार अहीर, टीएल चंद्राकर शाखा प्रबंधक बेल्हारी, चन्द्रहास साहू, सरपंच सुरपा, कविता साहू सरपंच नवागांव, वरुण नेताम सरपंच टेमरी, छगनलाल साहू उपसरपंच नवागांव, रेवाराम साहू, लीलाधर साहू, लालकुमार साहू, रामअवतार सेन, दाऊराम साहू, प्रमोद जैन, कैलाश साहू के साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# जामुल मंडल में हुआ विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जामुल मंडल में विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी संध्या परगनिया उपस्थित हुए। विशेष अतिथि के रूप में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे उपस्थित हुई। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता संध्या परघनिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज हम भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प पर एकत्रित हुए हैं। आत्मनिर्भरता का अर्थ है स्वावलंबन, स्वाभिमान और स्वदेशी उत्पादों का सम्मान। हमें अपने देश की क्षमताओं पर विश्वास करना होगा और स्थानीय उत्पादों को अपनाना होगा। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे। आइए, हम सब मिलकर इस संकल्प को पूरा करने के लिए कटिबद्ध हों और भारत को विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान दें। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि साथियों, आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प, एक आंदोलन और एक भविष्य की रूपरेखा है। जब हर भारतीय यह निश्चय करेगा कि वह अपनी क्षमताओं को बढ़ाएगा, स्वदेशी को अपनाएगा और देश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएगा तब हमारा भारत निश्चित ही विश्वगुरु के रूप में उभरेगा। कार्यक्रम में महामंत्री मनीष अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, गोपाल कृष्ण वर्मा, चंद्रकांता मांडले, पूनम शुक्ला जिलामंत्री विनोद सिंह, मनोज तिवारी, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह जिला प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, विजय सिंह, संयोजक विजय जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, युवा मोर्चा से आनंद ताम्रकार एवं इस कार्यक्रम में विधानसभा के 6 मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्तिथ हुए। मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, कुमन साहू, गौरीशंकर, घनश्याम साहू, रामजी निर्मलकर, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, ध्रुव देवांगन, समीर अग्रवाल, राजेश मौर्य, शुभम ताम्रकार, निर्मेश मिश्रा, सचेन्द्र राजपूत, सुखनंदन देशमुख, पूर्णिमा ठाकुर, आनंद ताम्रकर, पार्षद कविता विस्वाल, दीपक गुप्ता, सीमा यादव, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, राजेश्वरी रेड्डी, के राजू, सुरेश मानिकपुरी, अरुण यादव, सुनीता पांडे, शेषमणि वर्मा, विजय राव, दीपक सिंह, सोनू यादव, अनूप राय, योगिता साहू, दौवा राम ठाकुर, संतोष ठाकुर, किशन गर्ग, रामकृष्ण साहू, राजेश यादव, विशेसर वर्मा, बिसेसर साहू, भगवान चौहान आदि उपस्थित थे।

### श्रीमद भागवत कथा में समुद्र मंथन व कृष्ण जन्मोत्सव का किया वर्णन

# श्री कृष्ण जन्म की कथा का आनंद लिया भक्तों ने, पूर्व सीएम भी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

नगर पंचायत पाटन के पास में चल रही भागवत कथा में समुद्र मंथन, भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया गया। जिसमें श्रोता भाव विभोर होकर कथा का आनंद लेते रहे।

सोमवार को कथा श्रवण करने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पाटन पहुंचे। श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ में कथा व्यास आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की आधी रात को मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। श्रीकृष्ण के जन्म की इसी शुभ घड़ी का उत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा था। द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने



बुधवार के दिन रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था। अष्टमी तिथि को रात्रिकाल अवतार लेने का प्रमुख कारण उनका चंद्रवंशी होना है। श्रीकृष्ण चंद्रवंशी, चंद्रदेव उनके पूर्वज और बुध चंद्रमा के पुत्र हैं। इसी कारण चंद्रवंश में पुत्रवत जन्म लेने के लिए कृष्ण ने बुधवार का दिन चुना है। कथावाचक ने कहा रोहिणी चंद्रमा की प्रिय पत्नी और नक्षत्र हैं। इसी कारण कृष्ण रोहिणी नक्षत्र में जन्मे। अष्टमी तिथि शक्ति का प्रतीक है, कृष्ण शक्तिसंपन्न, स्वयंभू व परब्रह्म है इसीलिए वो अष्टमी को अवतरित हुए। कृष्ण के रात्रिकाल में जन्म लेने का कारण ये है कि चंद्रमा रात्रि में निकलता है और उन्होंने अपने पूर्वज की उपस्थिति में जन्म लिया कि श्री हरि विष्णु श्रीकृष्ण ने योजनाबद्ध रूप से पृथ्वी पर मथुरापुरी में अवतार लिया। कथा का आयोजन पवन देवांगन द्वारा कराए जा रहे हैं। इस अवसर कर भगवत कथा श्रोता मौजूद रहें।

**खबर संक्षेप**

## ऑपरेशन सुरक्षा और ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ऑपरेशन सुरक्षा की प्राथमिकताओं को लेकर की गई। इसके अलावा जिलेभर में 575 कार्रवाई कर 82,550 रुपए वसूली की गई। बिना हेलमेट 85, सीट बेल्ट 25, रैश ड्राइविंग 15, नो पार्किंग 22 प्रकरण समेत अन्य शामिल है। ड्रिंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई को ऑपरेशन सुरक्षा के तहत संचालित विशेष चेकिंग में 22 चालकों को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा। वाहनों को जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया। सुरक्षित सड़क वातावरण बनाए रखने और गंभीर हादसों को रोकने के लिए ज़ीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है। ऑपरेशन सुरक्षा के तहत ट्रैफिक पुलिस के पॉइंट-ड्यूटी जवानों को शाम को सूचना मिली थी। बसंत टॉकीज के पास दो युवक सड़क हादसे में घायल हो गए है। ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हन से दोनों घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुँचाया। जहाँ उपचार जारी है।

## चालक और ट्रेडमेन के अभ्यर्थियों का हुआ टेस्ट

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल, आरक्षक (भर्ती एवं सेवा की शर्ते) नियम 2007 के नियम 12(1) के अनुरूप जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग प्रक्रिया वर्ष 2023-24 में आरक्षक चालक, आरक्षक ट्रेडमेन के अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट आयोजित दुर्ग में था। पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के अभ्यर्थी आरक्षक ट्रेडमेन (चालक, टेंट खलासी, डीआर, कुक, स्वीपर, धोबी, नाई) के पदो के लिए आवेदन किया और लिखित परीक्षा मे शामिल हुए। वे अभ्यर्थी तिथि अनुसार रक्षित केन्द्र दुर्ग ट्रेड टेस्ट में शामिल होंगे।

## एसएसपी ने वीडियो जारी कर किसानों से ठगी से बचने की अपील

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने वीडियो जारी कर किसानों को ठगी से बचने की अपील किया है। धान खरीदी



केंद्रों में पोस्टर लगाकर किसानों में जागरूकता पैलाई जा रही है। धान खरीदी सीजन में किसानों की आर्थिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दुर्ग पुलिस व्यापक अभियान चला रही है। धान खरीदी शुरु हो गया है और इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खातों में पूरे साल की मेहनत का पैसा आता है। उठाई गिरोह और साइबर अपराधी सबसे अधिक सक्रिय हो जाते हैं। पुलिस सभी किसानों से अपील करती है कि पैसे की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें, अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें। पहली बार इस तरह का अभियान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। अभियान से किसानों को ठगी से बचने में मदद मिल पाएगी।

# जल्द नन्हे पर्यटकों से गुलजार होगा मैत्रीबाग, अगले महीने न्यू ईयर सेलिब्रेशन

**माहांत में स्कूली बच्चों की पिकनिक टीम की आने का होगा सिलसिला शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मैत्रीबाग में आने वाले दो महीने गहमागहमी के साथ रौनक से भरपूर होंगे। इस दौरान यहां हजारों लोग जुटेंगे। खासकर नन्हें सैलानियों की धूम होगी। इसे देखते हुए उद्यानिकी विभाग ने व्यापक तैयारी शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि ठंडी के मौसम में मैत्रीबाग में सर्वाधिक पर्यटक आते हैं। बरसात और गर्मी में विपरीत मौसम के चलते रौनक कम होती है। सर्दियों में रौनक की वजह चिड़ियाघर के जानवरों व पक्षियों उल्लासित होने और मौसमी फूलों के खिलने से खूबसूरत नजारा होना है। इसके अलावा पर्यटकों की भीड़ का कारण ठंडी के मौसम में तीन बड़े इवेंट का होना है। इस नवंबर के अंतिम सप्ताह से पूरे दिसंबर माहभर ट्विनसिटी के अलावा प्रदेश के अन्य स्कूलों से बच्चों की पिकनिक टीम यहां आती है। वार्षिक परीक्षा के पूर्व नौनिहालों को रिचार्ज करने स्कूल प्रबंधन मैत्रीबाग भ्रमण पर भेजता है। इसमें अलग अलग स्कूलों के हजारों बच्चे बसों में यहां भ्रमण के लिए आते हैं। इसके अलावा दिसंबर महीने के अंत यानी 31 दिसंबर को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए हजारों लोग जुटते हैं। करीबन 25 से तीस हजार पर्यटक यहां आते हैं। इसे देखते हुए मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा यहां सुविधाओं को अपडेट करने की तैयारी शुरु कर दी है। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए नलों, प्रसाधन और कैज की नियमित सफाई का खास ध्यान रखा जा रहा है, ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो।



### फ्लावर शो में 40 हजार सैलानी

मैत्रीबाग में नए साल पर होने वाला फ्लावर शो भी एक बड़ा इवेंट होता है। शो में भी तीस से चालीस हजार लोग प्रकृति क नजारा लेने आते हैं। फ्लावर शो फरवरी के पहले सप्ताह में होता है। लेकिन इसकी तैयारी महीनेभर पहले शुरु हो जाती है। यानी इस नवंबर माह के आखिर से साल के दो महीने तक मैत्रीबाग में भारी रौनक होती है। इससे मैत्रीबाग को लाखों की आय होती है और पर्यटकों का स्वस्थ मनोरंजन भी होता है। भीड़ को देखते हुए प्रबंधन व उद्यानिकी विभाग द्वारा मैत्रीबाग की साफ सफाई, पेंटिंग और वन्य प्राणियो के कैज आदि की सफाई कराई जा रही है।

**पायलट प्रोजेक्ट स्थापित करने बीएसपी व एंटिटी-वेल्यू इमिशंस प्रालि में हुआ समझौता**

# बीएसपी फ्लू गैसों को वैल्यू ऐडेड उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए बनेगा मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**ऊर्जा सुरक्षा और स्टेनेबिलिडी लक्ष्य में मिलेगी मदद**

सर्वाधिक उत्पादन के रिकार्ड के बाद अब कार्बन (प्रदूषण) मुक्त फौलाद बनाने की दिशा में भी देश में मांडल बनने जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पर्यावरणीय स्थिरता और डिकार्बोनाइजेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ फ्लू गैसों और ग्रीनहाउस गैसों को वैल्यू ऐडेड उत्पादों में बदलने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एम्ओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं

उल्लेखनीय है कि दोनों के बीच इस साझेदारी का उद्देश्य एक पायलट प्रोजेक्ट स्थापित करना है, जो न केवल उत्सर्जन को कम करेगा बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से लाभकारी संसाधनों में भी बदल सकेगा, जो भारत के महत्वाकांक्षी सस्टेनेबिलिटी और ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों के अनुरूप होगा। यह परियोजना आरडीसीआईएस (रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील), रांची और ईएमडी कोलकाता द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जा रही है, जबकि अन्य सिस्टर्स यूनिट्स भी इसी तरह के परियोजनाओं पर कार्य कर रही हैं।समझौते पर हस्ताक्षर संयंत्र के ईडी राकेश कुमार के कार्यालय में किये गए। मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी), पीवीवीएस मूर्ति, ने इस एम्ओयू पर भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संयंत्र के सीजीएम तापस दासगुप्ता, तुलाराम बेहरा, कार्तिकेय बेहरा, टीके कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, राहुल श्रीवास्तव, उमा काटोच, और जीएम सी चंद्रशेखर शामिल थे। साथ ही संस्थापक और तकनीकी आविष्कारक (एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड) कौशिक पलिचा, और एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### फ्लू गैसों के उपचार के लिए स्थापित होगा रिएक्टर

इस पायलट परियोजना में 1 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता वाला रिएक्टर स्थापित किया जाएगा। इसे फ्लू गैसों के पूरे धारा का उपचार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह रिएक्टर पारंपरिक कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों से एक साहसिक कदम आगे बढ़ाते हुए उत्सर्जन के समग्र उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह रिएक्टर बीएसपी के परिसर में स्थापित किया जाएगा, जहां इसका प्रारंभिक परीक्षण किया जाएगा। यह देखा जा सके कि यह हानिकारक उत्सर्जन को वाणिज्यिक रूप से मूल्यवान उत्पादों में कैसे परिवर्तित करता है। यह प्रौद्योगिकी आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगी। यह न केवल उत्सर्जन को कम करेगी, बल्कि फ्लू गैसों से वैल्यू ऐडेड उत्पादों का निर्माण करके राजस्व भी उत्पन्न करेगी।

### साझा की तकनीकी जानकारी

समन्वयक व महाप्रबंधक (ईएमडी) अजय गाजघटे ने इस साझेदारी के महत्व और पायलट परियोजना के माध्यम से बीएसपी के डिकार्बोनाइजेशन प्रयासों को आगे बढ़ाने में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। संस्थापक और तकनीकी आविष्कारक (एंटिटी 1 वैल्यू इमिशन्स प्राइवेट लिमिटेड), कौशिक पलिचा ने समझौते पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान इस पायलट रिएक्टर की तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह रिएक्टर पारंपरिक कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों से आगे बढ़कर पूरे फ्लू गैस धारा का उपचार करने का कार्य करेगा। जिससे उत्सर्जन को संसाधनों में बदला जा सकेगा। सीजीएम पीवीवीएस मूर्ति ने परियोजना के रोडमैप के बारे में आगे बढ़ने के लिए रणनीतियों की रुपरेखा प्रस्तुत किया।

# फैक्ट्री में घुसकर श्रमिकों पर लाठी-चाकू से हमला

**भिलाई तीन पुलिस थाना क्षेत्र की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- 6 आरोपी समेत अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज
- हथखोज में स्थित है शिवालिक इंजीनियरिंग

फैक्ट्री भीतर प्रवेश कर श्रमिकों के साथ लाठी , चाकू से घुसकर प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने 6 युवक समेत अन्य के खिलाफ अपराध कायम किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी हथखोज स्थित शिवालिक इंजीनियरिंग लिमिटेड सुपरवाईजर ईश्वर रेडडी ने दिया। फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक कृष्णा महतो,चेतन गोप, शिवम गोप से अचानक लाठी, चाकू से मारपीट किया गया।

मारपीट में हथखोज बस्ती निवासी मोह. जाबीर अली, मोह. दिलकश, मोह. लाडले, समीर , समीम, सलामू समेत अन्य लोग शामिल थे। इसके अलावा लेबर कैम्प में श्रमिक अर्धनग्न कर मारपीट भी किया। श्रमिक विरोध कर आवाज देने लगे त फैक्ट्री सुपरवाइजर मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी गाली गलौज कर चाकू व बेसबाल से मारपीट किया। मारपीट से सुपरवाइजर के बाएँ हाथ के तीन उंगलीयों, बॉए ऑख के नीचे समेत पैरों में चोंट आई है। इसके अलावा अमित त्यागी पैर, गर्दन के पीछे, पी सुब्बा राव के सिर में चोट आई है। ग्रीजेस कुमार सिंह, बी बाबू राव मारपीट में बीच बचाव किया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जबकि पी सुब्बा राव को मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। श्रमिक कृष्णा, चेतन, शिवो गोप ने घटना को लेकर पुलिस को बताया कि कुछ दिनों से आरोपी जाबीर अली, दिलकश, लाडले, समीर , समीम , सलामू रोज गॉजा पीने और शराब पीने के नाम से रकम का डिमांड करते थे। रकम नहीं देने पर मारपीट और गाली गलौज करते है। श्रमिकों ने रुपए देने से इंकार करने पर हमला कर दिया।

# लावारिस वाहनों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान



**भिलाई।** राष्ट्रीय सुरक्षा अलर्ट के तहत दुर्ग ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिलेभर में लावारिस एवं संदिग्ध वाहनों के खिलाफ सतत जांच की गई। वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर खड़े कुल 65 लावारिस वाहनों को हटाकर थानों के हवाला किया गया। अभियान में बम डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, रिज़र्व पुलिस बल, ट्रैफिक विभाग की संयुक्त टीमें शक्ति ऐप से सूचनाओं एवं क्षेत्रीय निरीक्षण के आधार पर वाहनों की जांच कर आवश्यक जप्ती हटाने की कार्रवाई किया जा रहा है। वाहन मालिकों द्वारा स्वयं हटाए गई वाहन मुख्य मार्ग एवं सार्वजनिक स्थानों पर खड़े कुल 50 वाहनों को मालिकों द्वारा हटाया गया। ट्रैफिक पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई में चिन्हित संदिग्ध वाहनों को क्रेन की सहायता से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग से शहर के आंतरिक मार्गों तक कार्रवाई जारी है।

## साधु संतों पर अभद्र टिप्पणी अपराध दर्ज करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हिंदु समाज के साधु संतों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले चेतन चंदेल उर्फ चेतन छत्तीसगढ़िया के खिलाफ अपराध कायम करने को लेकर करणी सेना के कार्यकर्ता छावनी थाना पहुंचे। करणी सेना युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ छावनी थाना में विरोध दर्ज कराया। चेतन चंदेल के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया है कि रविवार को शारदा पारा कैम्प 2 निवासी चेतन चंदेल नामक युवक ने सोशल मीडिया में लाइव आकर छत्तीसगढ़ व बाहर से आने वाले साधु संतों को पैसा खाने वाले बाबा और भगवाधारी रावण का रूप बताया है। इस अभद्र टिप्पणी से हिंदुओं के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम चेतन ने किया है। चेतन छत्तीसगढ़िया के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। इस दौरान प्रदेश युवा विंग करणी सेना उपाध्यक्ष मान्वेन्द्र सिंह मंगल, अभिषेक सिंह, छोटेलाल चौधरी, प्रदीप सिंह, दिलीप चौधरी, ज्ञान मिश्रा, अरविंद सिंह, धनंजय सिंह, कमल रणदीप, मुकेश सोनकर, मनोज निषाद, अनुराग, सूरज गुप्ता मौजूद थे।

# रिटेंशन स्कीम बंद करने पर होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- इंटक ने कहा पहले प्रबंधन खाली कराए कब्जे

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक की कार्यकारिणी की बैठक में रिटेंशन स्कीम को रोके जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। यहां मांग की गई कि पहले प्रबंधन अपने क्वार्टर को अवैध कब्जे से मुक्त कराये और थर्ड पार्टी एलॉटमेंट पर अंकुश लगाए। साथ ही टीए बिल्डिंग में बिजली बिल जमा करने के लिए एक और काउंटर खोला जाए। सचिव ताम्र ध्वज सिन्हा ने कहा कि टाउनशिप प्रबंधन ने रिटेंशन पर क्वार्टर देना बंद कर रहा है। रिटेंशनधारियों से प्रबंधन क्वार्टर खाली कराना चाहता है । यदि प्रबंधन को बीएसपी के बड़े क्वार्टरों की इतनी ही चिंता है तो सबसे पहले बीएसपी क्वार्टरों पर अवैध कब्जा कर लिए लोगों से क्वार्टर खाली कराये। साथ ही थर्ड पार्टी अलॉटमेंट में दिए गए उन क्वार्टरों को खाली कराया जाए, जिसमे लंबे समय से एलाटी निवास नहीं कर रहे हैं। उपाध्यक्ष गिरिराज देशमुख ने कहा कि प्रबंधन 35 वर्ष सेवा कर चुके बीएसपी कर्मचारियों को क्वार्टर रिटेंशन पर देने पर रोक लगाना चाहता है लेकिन थर्ड पार्टी अलॉटमेंट के लिए कोई बैरियर नहीं है। राज्य या केंद्र सरकार के बड़े अधिकारी से छोटे कर्मचारी एवं प्राइवेट संस्थानों के कर्मचारी टाउनशिप के बड़े-बड़े क्वार्टर को अलर्ट कराकर लंबे समय से रखे हुए हैं। टाउनशिप में बैठे कुछ बड़े अधिकारी राज्य शासन के अधिकारियों के लिए क्वार्टर खाली कराते हैं । नगर सेवाएं विभाग में बैठे हुए कुछ अधिकारी सिर्फ राज्य शासन के अधिकारियों का ख्याल रखने के लिए ही वहां पर हैं । ऐसे ही अधिकारी उच्च प्रबंधन को गुमराह कर रिटेंशन स्कीम को बंद कराने का षड्यंत्र कर रहे हैं। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि उपाध्यक्ष गिरिराज देशमुख सहायक कोषाध्यक्ष जी आर सुमन आदि उपस्थित थे ।



### बिजली बिल के लिए हो एक और काउंटर

बैठक में नगर सेवाएं विभाग में बिजली बिल जमा करने के लिए एक और काउंटर खोले जाने की मांग की गई। सचिव गोविंद राठौड़ ने कहा कि बिल जमा करने के लिए लंबी लाइन लगने से कर्मचारियों को परेशानी होती है। एक और काउंटर होने से बिल जमा करने में परेशानी कम होगी।

### क्वार्टर अलाटमेंट की प्रक्रिया को किया गया जटिल : इंटक

महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि टाउनशिप और यहां के क्वार्टर अलॉटमेंट की प्रक्रिया कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए बनाई गई थी, लेकिन टाउनशिप में बैठे कुछ अधिकारियों ने शीर्ष प्रबंधन को इस तरह गुमराह किया कि वे धीरे-धीरे क्वार्टर अलॉटमेंट की प्रक्रिया जटिल करते गए। अब तो प्रबंधन ने 35- 40 वर्षों तक भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा करने वाले कर्मचारियों को रिटेंशन पर क्वार्टर देना भी बंद कर दिया है। भिलाई प्रबंधन धीरे-धीरे टाउनशिप एवं अस्पताल में कर्मचारी विरोधी नीति अपनाते जा रहा है।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

**आयुक्त ने नेहरू नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण, गौठान एवं अटल परिसर का किया निरीक्षण**

# लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- सार्वजनिक शौचालय के भीतर एवं बाहर की साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों एवं प्रस्तावित निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता, रखरखाव और लंबित कार्यों को शीघ्रता से शुरू करने निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गौठान संचालन एवं प्रबंधन से जुड़े कर्मचारियों को साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च मानक पर बनाए रखने तथा उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नेहरू नगर अंडरब्रिज से सुपेला अंडरब्रिज तक, समीपस्थ रेलवे पटरी के किनारे प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आयुक्त ने निर्माण कार्य को शीघ्र चालू करने की बात कही। रोड के किनारे रेलवे विभाग द्वारा लगाई गई रेलिंग के संबंध में संज्ञान लिया गया। निगम की जमीन के अतिरिक्त हिस्से को घेरे जाने की स्थिति की जांच करने और इस संबंध में रेलवे विभाग से चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक शौचालय के भीतर एवं बाहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर केयरटेकर को स्वच्छता के उच्च मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं आयुक्त ने अटल परिसर का अवलोकन किया और निर्देश दिया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति को परिसर में शीघ्र स्थापित किए जाने की प्रक्रिया अविलंब की जाए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त के साथ जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता एफ एल साहू, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा एवं बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी उपस्थित थे।





# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


02



न्यायाधीशों ने संविधान पर छात्रों का किया मार्गदर्शन

लाइव इवेंट

## जनजातीय वीरांगनाएं विषय पर भाषण में आर्या और रचना रहीं प्रथम



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि जनजातीय समाज अपनी परम्पराओं, विशिष्ठ संस्कृति, श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के साथ भारतीय सभ्यता का अभिन्न हिस्सा है। जब-जब देश की सुरक्षा पर संकट आया तब-तब जनजातीय समाज ने अपने शौर्य और बलिदान से राष्ट्र की रक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि जनजातीय नायकों एवं वीरांगनाओं का स्वर्णिम योगदान हमारी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा व गौरव का प्रतीक है। वर्तमान समय में भी जनजातीय समाज की द्रौपदी मुर्मु महामहिम राष्ट्रपति के पद पर सुशोभित हैं।

- गर्ल्स कॉलेज में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान विषय पर अंजनी प्रथम, नीतू कुंभकार द्वितीय एवं लिकेश्वरी तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में भारत की जनजातीय वीरांगनाएं विषय पर आर्या अवस्थी, रचना साहू प्रथम, अरिज नाज द्वितीय एवं नौशया नाज तृतीय स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति विषय पर खुशी प्रजापति प्रथम, भावना बंजारे द्वितीय एवं भावना निर्मलकर तृतीय स्थान पर रही। इस विधाओं में डॉ. सुषमा यादव, ज्योति भरणे, वंदना चंतारे, डॉ. सुनीता तिवारी निर्णायक के रूप रहे। जनजातीय नृत्य नेहा डीमर, तृप्ति साहू, ट्विंकल साहू एवं समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया। जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर डॉ. अमिता सहगल, डॉ. केएल राठी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यजेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन जागृत ठाकुर ने किया। विमल यादव, विजय चन्द्राकर एवं चल्ला वैष्णव का विशेष योगदान रहा।

- आत्मनिर्भर भारत संकल्पना को लेकर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री

# वंदे मातरम् का सामूहिक गान कर एकजुटता का दिया संदेश
# आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की ली शपथ

**विकसित भारत 2047 तक देश को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर अभियान लगातारी जारी है। इसे लेकर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन का आयोजन किया गया। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री दयालदास बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। 36 फोर्ट कोलिहापुरी में आयोजित सम्मेलन में बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 और आत्मनिर्भर भारत संकल्प को पूर्ण करने के लिए आव्हान किया। उन्होंने पूर्व रूप से स्वदेशी वस्तु के इस्तेमाल का संकल्प दिलाया। वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन के साथ एकजुटता का संदेश दिया। बघेल ने कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेज़ी से अग्रसर है। आज देश में जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं, उस पर हमारे देश में साधन संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर, सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर विकसित भारत की राह को प्रशस्त की गई है।**

**दुर्ग।** केबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि हम सबको याद है कि वैश्विक महामारी के समय सबसे पहले आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया गया था। उस समय की भयानक आपदा को भी ऐसा अवसर बना देना, किसी चमत्कारिक नेतृत्व के वश की ही बात है। यह सिर्फ एक संकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति की अभिव्यक्ति भी है। आप सभी से आग्रह है कि आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत 2047 के सपने को पूर्ण करने के लिए आप सभी अपनी छोटी-छोटी भूमिका निभाकर मार्ग प्रशस्त करें। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव गतिशील और कैडर पार्टी है। लगातार संगठन के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आते हैं। आप सभी के द्वारा यह कार्य पूर्ण रूप से किया जाता है। वर्तमान में केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना है वोकल फार लोकल को बढ़ावा देना है। जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर हम अपने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है कि हर भारतीय गर्व से कहे मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी बेचता हूं। गर्व से कहो यह स्वदेशी है, यही भावना आत्मनिर्भर भारत का मूल है। एसआइआर क्यों जरूरी है। आयोग के मुताबिक बदलते शहरीकरण में लोगों का तेजी से विस्थापन हो रहा है। यह इसकी एक बड़ी वजह है। दूसरा इसके चलते कई जगहों पर लोगों के मतदाता सूची में दो-दो जगह से नाम दर्ज है। तीसरा मतदाता सूची में मतदाताओं के मृत होने के बाद भी नामों का हटाया न जाना है।चौथी वजह देश के तमाम हिस्सों में गलत तरीके से घुसपैठ करके बड़ी संख्या में लोगों ने मतदाता सूची में गलत तरीके से नाम जुड़वा लिया है। एसआइआर के दौरान इन सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच हो सकेगी।





### वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने चलाया जा रहा अभियानः चंद्राकर

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हम सब जानते हैं कि 2047 विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार आह्वान करते आ रहे हैं। वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए सभी को प्रेरित किया जा रहा है। इसे हम सभी को मिलकर अपनाना चाहिए। लोकल उत्पादकों से बनी हुई चीजों को खरीदने से उन्हें रोजगार प्राप्त होगा। लाखों करोड़ों लोगों का जीवन स्तर भी सुधारा का जिस देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत 2047 के पथ पर आगे बढ़ेगा। संकल्प पत्र में किए गए वादे को पूर्ण करने का कार्य लगातार करते आ रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहित कारी योजनाएं, जिससे लोगों का जीवन स्तर सुधार रहा है उन योजनाओं का लाभ हर आम जनमानस को मिल सके ऐसा कार्य हम सभी को मिलकर करना है।

### एसआईआर में बनें सहभागी, ताकि फर्जी वोटर हो सकें बाहर



ललित चंद्राकर ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण में सहभागी बनें। ताकि फर्जी वोटर हमारे देश की मतदाता सूची से बाहर हो सकें। कोई पात्र नागरिक मतदाता पंजीयन से ना छूटे। कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता पंजीयन ना होष जनमानस से अपील है कि समस्त प्रक्रिया में संबंधित अधिकारियों और और कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में सरिता मिश्रा, गिरेश साहू, शैलेंद्र शेंडे, पुराण देशमुख, डिलेश साहू, चंदू देवांगन, प्रवीण यद्धु, चेतन साहू, अजीत चंद्राकर, बेला यादव, ओमेश्वर राजू यादव, चंदू देवांगन, प्रवीण यद्धु, फत्ते लाल वर्मा, फलेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## वकीलों और लिपिकों को दी गई ऑनलाइन ई-फाइलिंग की जानकारी



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य ज्यूडिशल एकेडमी उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जे विनोद कुजूर के निर्देश पर कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं और लिपिकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर प्रमोद अचिंत्य ने यह ऑनलाइन ट्रेनिंग दी। तकनीकी सहयोग के लिए अमित साहू मौजूद थे। 45 से ज्यादा अधिवक्ता और लिपिक ऑनलाइन जुड़े। मास्टर ट्रेनर व्दारा भारत के ई-कमेटी, सुप्रीम कोर्ट के व्दारा अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों की सुविधा हेतु न्यायालय से संबंधित प्रारंभ की गई विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई। इसमें कम्प्युटराईजेशन संबंध में अधिवक्ताओं के महत्व एवं भूमिका एवं प्रकरणों के ऑनलाइन ई-फाईलिंग, ई-कोर्ट फीस, फाइन एवं सिविल डिपॉजिट, ई सेवा केन्द्र के कार्य एवं लाभ जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। जिला न्यायालय कम्पयुटर कमेटी के चेयरमैन न्यायाधीश दीपक कोसले उपस्थित थे।

- पाटन, दुर्ग, भिलाई-3 और धमधा क्षेत्र के न्यायालयीन कर्मियों को प्रशिक्षण

# साइकिल पोलो में महिला टीम फाइनल तो पुरुष टीम सेमीफाइनल में, जोधपुर में खेले जा रहे मैच



**भिलाई।** 19वीं पुरुष एवं 15वीं महिला फेडरेशन कप साइकिल पोलो प्रतियोगिता की शुरुआत हो चुकी है। प्रतियोगिता के फाइनल में महिला टीम पहुंच चुकी है।

वहीं पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार एवं एवं बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने बताया कि 18 नवंबर तक जोधपुर के महाराजा गज सिंह पोलो मैदान में 19वीं पुरुष एवं 15वीं महिला फेडरेशन कप साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की दोनों पुरुष एवं महिला टीमों ने शानदार शुरुआत की। छत्तीसगढ़ की महिला टीम जो विगत 15 वर्षों से लगातार चैंपियन रही है। पहले दिन अपने प्रथम लीग मैच में आंध्र प्रदेशको 16कें मुकाबले शून्य गोलों से एक तरफा पराजित किया। आंध्र प्रदेश अंत तक एक भी गोल नहीं दाग सकी। अगले लीग मैच में दिल्ली को 9 के मुकाबले शून्य से पराजित किया। तथा अपने सेमी फाइनल मैच में केरल को 30 के मुकाबले शून्य गोल से पराजित कर फाइनल में पहुंची। पुरुषों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश को 11 के मुकाबले 8 गोलों से पराजित कर अपना दबदबा कायम रखा।

- 19वीं पुरुष और 15वीं महिला फेडरेशन कप साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आगाज

अगले लीग मैच में मुकाबला टेरिटोरियल आर्मी से हुआ। जिसमें कड़े मुकाबले में 11 के मुकाबले में 9 गोल बनाकर दो गोलों से परास्त होकर संतुष्ट होना पड़ा। उसके बाद अगले लीग मैच में केरल से मुकाबला हुआ छत्तीसगढ़ टीम 13 गालों से विजयी होकर सेमीफाइनल पहुंची। उसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने एक तरफ़ा 15 गोल दागे। केरल मात्र दो गोल ही बना पाई । आयोजित हो रही इस फेडरेशन कप प्रतियोगिता में भारतवर्ष की शीर्ष 8 पुरुष एवं 8 महिला टीम भाग लें रहीं है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की महिला टीम विगत 15 वर्ष से फेडरेशन कप विजेता रही है। कोच मैनेजर की भूमिका में देव प्रकाश वर्मा टीम में शामिल हैं।

# इंडियन ताईक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा ने मारी बाजी



- 20 स्वर्ण, 21 रजत और 4 कास्य पदक पर कब्ज़ा

**भिलाई।** 8वीं दुर्ग जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता गोंडवाना भवन में आयोजित की गई। जिला सचिव राकेशपुरी गोस्वामी द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 7 क्लब के 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा ने जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विशेष रूप से निगम के पूर्व अधिकारी मोहनपुरी गोस्वामी मौजूद थे। उन्होंने विजयी कप एवं बच्चों को मैडल वितरण किया। इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के सचिव एवं मुख्य कोच अनिल कुमार देवांगन ने बताया क्लब से 51 खिलाड़ियों ने भाग लिया। क्लब के सहायक कोच तरुण जम्बूल, जतिन नायक, सुजल दास एवं गर्ल्स कोच सोनिया सोनी, श्रेया दास, प्रियंका महिपाल के संरक्षण में 51 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग का प्रदर्शन किया। खिलाड़ी सांची चौहान, जतिन नायक, करन नायक, हृदया गेड़ाम, कुशुमिता साहू, ओमीषा राव, पूरन कौर, कृतिन कुमार वर्मा, कुलदीपक कुमार सेन, एम साईं, दीपांशु ऋषि बर्मन, हिताक्ष मिश्रा सहित अन्य ने पदक जीते।



सिटी इवेंट

## अगासदिया ने किया आचार्य निरंजन का सम्मान



**भिलाई।** लिमतरा भागवत आश्रम के आचार्य भागवताचार्य निरंजन महराज का सम्मान अगासदिया परिवार द्वारा किया गया। भिलाई नगर में हरिशंकर साहू द्वारा उनका भागवत आशीष नगर भिलाई में कराया जा रहा है। निरंजन महराज लिमतरा के यशस्वी सपूत हैं जिन्हे प्रवचन के क्षेत्र में संत पवन दीवान की तरह अपार यश प्राप्त है। सम्मान करते हुए अगासदिया परिवार की ओर से साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने शाल श्रीफल और नव आगमन का अक्टूबर अंक भेंट किया। नीतीश कुमार एवं अगासदिया परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

- श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आशीष नगर में

कल्याण कॉलेज में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास विषय पर कार्यशाला

# जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास भारत को कराता है गौरवान्वित, संस्कृति को सहेजना आवश्यक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इतिहास विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय आयोजन महाविद्यालय के सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप दुर्ग साइंस कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. वेदवती मांडवी, विशिष्ट अतिथि साइंस कॉलेज में इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि डॉ. वेदवती मंडावी ने जनजातीय समाज के आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक योगदान के विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास के विषय पर सारगर्भित ढंग से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने की। महाविद्यालय की छात्रसंघ प्रभारी डॉ. मणिमेखला शुक्ला ने बस्तर की देवी मंगला की आराधना हलबी में अपने सुमधुर वाणी से प्रस्तुत की।



### आदिवासी अंचल के पारंपरिक नृत्यों की दी प्रस्तुति

राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं कलश, हंसा नाविक, गजेन्द्र, चंचल एवं समूह ने अनेक प्रकार के आदिवासी समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन प्रसिद्ध लेखक और हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ.अंजन कुमार ने किया। कार्यक्रम में आयोजन सचिव डॉ.अनिरबन चौधरी, व्यवस्था प्रमुख डॉ. सुमित्रा मौर्य, अरुणा चौबे, अंजू देवी व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, विद्यार्थी, शोधार्थी, अधिकारी, कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### जनजातीय समाज के इतिहास को हर किसी को जानना चाहिए

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि जनजातीय समाज के इतिहास को हर किसी को जानने की जरुरत है। इसे लेकर ही केंद्र सरकार ने इस अभियान की शुरुआत की है। स्कूल-कॉलेजों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हर क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा जा रहा है। उन्हें शिक्षित बनाने के साथ रोजगार से जोड़ा जा रहा है। आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।



धर्म लाइव

## न्यायाधीशों ने संविधान पर छात्रों का किया मार्गदर्शन



**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुराना विधि महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के पांच न्यायाधीश विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का महाविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया, जिसके पश्चात माननीय न्यायाधीशों द्वारा शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

- सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आयोजित किया शिविर

कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को संविधान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान क्या है, कब बना, इसकी संरचना कैसी है और संविधान सभा की अध्यक्षता किसने की। साथ ही उन्होंने माता-बहनों के सम्मान, कानूनी नियमों के पालन तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के महत्व पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। शिविर के अंत में सभी विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने और उसका पालन करने की शपथ दिलाई गई तथा कार्यक्रम का समापन राज्यगीत के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न कानूनी विषयों पर कई प्रश्न भी पूछे। न्यायाधीशों ने सभी प्रश्नों का सरल, स्पष्ट एवं संतोषजनक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित यह विधिक साक्षरता शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ और उन्होंने इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक अनुभव बताया।

सिटी इवेंट

## साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला आज बुजुर्गों को देंगे सिक्योरिटी से जुड़े टिप्स

**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिकों सहित आम नागरिकों को साइबर अपराधियों के षड़यंत्र से बचाने के लिए भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के द्वारा 18 नवंबर को सुबह 10.30 बजे सियान सदन हाउसिंग बोर्ड भिलाई में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ साइबर अपराधियों के षड़यंत्र एवं धोखाधड़ी से बचने के गुर बताएंगे। वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि आजकल साइबर अपराधियों के द्वारा आए दिन लोगों के साथ आनलाइन धोखाधड़ी कर धन लूटने की घटनाएं सामने आ रही है। इनमें ज्यादातर वरिष्ठ नागरिक भी साइबर अपराधियों के निशाने पर रहते हैं। वे षड़यंत्र का शिकार होकर अपने जीवन भर की गाढ़ी कमाई सहित लाखों रुपए गंवा बैठते हैं। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ नागरिकों एवं आम नागरिकों को साइबर अपराधियों के षड़यंत्र एवं धोखाधड़ी से बचाने के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल के नेतृत्व में दुर्ग जिला पुलिस के द्वारा साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को सावधान किया जा रहा है। यह कार्यशाला भी इसी अभियान का हिस्सा है। महासंघ के पदाधिकारियों ने समस्त वरिष्ठ नागरिकों सहित आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि उक्त महत्वपूर्ण कार्यशाला में उपस्थित होकर साइबर फ्राड एवं धोखाधड़ी से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी प्राप्त करें और सुरक्षित रहें।



समाज इवेंट

## दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग चलाए जाने पर ट्विनसिटी ने माना आभार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ से हरिद्वार के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है, जिसकी मांग छत्तीसगढ़वासियों द्वारा लगातार की जा रही है। साथ ही समता एक्सप्रेस को निजामुद्दीन से हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग निरंतर की जा रही है। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं । इस कड़ी में रेल प्रशासन ने इस सप्ताह दो दिन 9 नवंबर एवं 16 नवंबर को दुर्ग से हरिद्वार तथा इसी तरह दो दिन 10 नवंबर एवं 17 नवंबर को हरिद्वार से दुर्ग के लिए शेड्यूल किया है। दुर्ग से हरिद्वार के लिए स्पेशल ट्रेन नंबर 08743 रवाना हुई। वहीं हरिद्वार से दुर्ग आने वाली पहली स्पेशल ट्रेन नंबर 08744 दुर्ग पहुंची । इस अवसर पर प्लेटफॉर्म नंबर 3 में ट्रेन के रुकने पर सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता एवं दुर्ग स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य तथा छत्तीसगढ़ से हरिद्वार एवं समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने सतत प्रयास करने वाले डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने बहुत ही उत्साह पूर्वक ट्रेन के लोको पायलट अजय वर्मा तथा सह पायलट दिनेश कुमार का माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही ट्रेन से उतरने वाले कुछ यात्रियों का भी स्वागत किया। डॉ. पाणिग्राही ने दुर्ग से हरिद्वार से दुर्ग स्पेशल ट्रेन परिचालन हेतु रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा जैसा कि हमारे छत्तीसगढ़ वासियों तथा अन्य रेल यात्रियों की मांग है इस स्पेशल ट्रेन को नियमित चलाने के लिए हमने रेल मंत्री से मांग की है। साथ ही बहुप्रतीक्षित मांग समता सुपरफास्ट ट्रेन नंबर 12807 को भी हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग की है।



● सेक्टर-6 पॉवर जिम में पॉवर फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ के तहत बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता

# अभय शुक्ला बने मिस्टर छत्तीसगढ़ 2025, आदित्य राउत को मिस्टर मेंस फिजिक का मिला खिताब

**भिलाई।** सेक्टर-6 पॉवर जिम में पॉवर फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ के तहत बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ के कई जिलों से खिलाड़ी अलग-अलग आयु वर्ग में उतरे। माहौल पूरे समय उत्साह से भरा रहा। राजनांदगांव के अभय शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस्टर छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब अपने नाम किया। भिलाई के आदित्य राऊत ने मेंस फिजिक कैटेगरी में दम दिखाया और मिस्टर मेंस फिजिक 2025 चुने गए। मंच पर खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। हर राउंड में पोज़िंग के दौरान उनकी मेहनत साफ दिखाई दे रही थी। कई प्रतियोगी पहली बार बड़े मंच पर उतरे थे, लेकिन आत्मविश्वास किसी भी अनुभवी खिलाड़ी से कम नहीं था। दर्शक हर प्रभावी पोज पर तालियां बजाते रहे। जजों को भी विजेताओं का चयन करने में वक्त लग गया क्योंकि कई परफॉर्मेंस बेहद दमदार थीं। 55 केजी, 60 केजी, 65 केजी, 70 केजी, 75 केजी और 75 प्लस वजन वर्ग समूह में प्रतियोगिताएं हुई। इस दौरान ऑफिशियल्स के रूप में कृष्णा साहू, अशोक पिल्लई, सी दुर्योधन, प्रदीप झा, सुरेंद्र सूरी, प्रदीप साहू, संतोष कुमार, कैलाश राउल, श्याम कुमार आदि उपस्थित थे।










**स्टेज पर छलकी खिलाड़ियों की महीनों की मेहनत**

सेक्टर 6 पावर जिम का मंच शाम होते ही बदल गया। रोशनी बढ़ी, म्यूजिक तेज हुआ और खिलाड़ी एक-एक करके स्टेज पर उतरे। बारी थी बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा की। हर पोज में खिलाड़ियों के महीनों का अनुशासन साफ दिख रहा था। यह सिर्फ मांसपेशियों की बात नहीं थी, यह उस जिंदगी की कहानी थी जो रोज सुबह डंबल की आवाज से शुरू होती है। खिलाड़ियों ने फ्रंट डबल बाइसेप्स से लेकर साइड चेस्ट और बैक पोज तक अपनी पूरी तैयारी दिखा दी। शरीर की हर लाइन में मेहनत की पहचान थी। डाइट से लेकर रूटीन तक, हर त्याग आज स्टेज पर दिखाई दे रहा था। खिलाड़ियों ने बताया कि फिजिक सिर्फ जिम की मशीनों पर नहीं बनती।

### इन विजेताओं का हुआ सम्मान

55 केजी वर्ग में प्रथम अभिजीत सिंह राजपूत शक्ति, द्वितीय कपिल राठौर कुम्हारी दुर्ग, जितू निषाद तिल्दा तृतीय रहे। 60 केजी वर्ग में प्रथम परमानंद तांडी रायपुर, शैलेन्द्र चन्द्राकर तिल्दा द्वितीय, देव कुमार चरोदा तृतीय रहे। 65 केजी वर्ग में रवि नायक रायपुर प्रथम, भुपेन्द्र सिंह खैरवार शक्ति द्वितीय, मो. असरफ रायगढ़ तीसरे स्थान पर रहे। 70 केजी वर्ग में लक्ष्य तिवारी भिलाई प्रथम, सुरेन्द्र पटेल कवर्धा द्वितीय, अभिजीत गडपाल भिलाई तृतीय रहे। 75 केजी वर्ग में अंकित बिस्वास जगदलपुर प्रथम और निखिल कोरबा तीसरे स्थान पर रहे। 75 प्लस वर्ग में अभय राजनांदगांव प्रथम, मो. रुस्तम अम्बिकापुर द्वितीय और विमल सिंह डोंगरे रायपुर तृतीय रहे।

विश्व बैंक कालोनी में आयोजन

## तेलुगू समाज के पारिवारिक मिलन समारोह में पहुंचे कोर्सेवाड़ा, सामाजिक भवन की घोषणा

**भिलाई।** सर्व तेलुगू समाज विश्व बैंक कॉलोनी में कार्तिक मास पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति पराधीकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा प्रमुख रूप से मौजूद थे। अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि सतीश ने की। विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, चरोदा मंडल अध्यक्ष एवं कलिंग समाज के प्रदेश अध्यक्ष ए गौरी शंकर, पार्षद फिरोज फारूकी प्रमुख रूप से मौजूद थे। सर्व तेलुगू समाज के अध्यक्ष एन श्रीनिवास राव, सलाहकार टीके मूर्ति, सलाहकार ए. गोपाल राव, महासचिव वीवय नायडू, एनवी रंगा राव एवं समाज के सैकड़ों सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। कोर्सेवाड़ा ने कहा कि समाज की परिभाषा क्या है, समाज कैसा होना चाहिए। समाज की उपयोगिता क्या है, समाज का देश एवं प्रदेश के लिए क्या योगदान होना चाहिए। समाज का दायित्व क्या है, इन सब के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी। सलाहकार ए. गोपाल राव ने मुख्य अतिथि से निवेदन किया कि सर्व तेलुगू समाज के लिए एक भवन का निर्माण कराया जाए। कोर्सेवाड़ा ने वादा किया कि सर्व तेलुगू समाज के लिए भविष्य में एक भवन का निर्माण करवाया जाएगा। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, मटकी फोड़, रंगोली प्रतियोगिता आदि में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने प्रस्तुति दी। विजेता प्रतियोगिता को इनाम देकर सम्मानित किया गया।

- सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन





राष्ट्रीयस्तर पर वाकपटुता का दिया परिचय

## तनय शर्मा ने रचा इतिहास, यंग इंडिया पार्लियामेंटरी फाइनल में जीता राष्ट्रीय खिताब

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर के होनहार छात्र तनय शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी वाक्पटुता और संसदीय कौशल का परचम लहराया है। देशभर के 100 से अधिक प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए तनय ने यंग इंडिया पार्लियामेंटरी डिबेट फाइनल में बेस्ट पार्लियामेंटेरियन का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। रूंगटा पब्लिक स्कूल के इस मेधावी छात्र ने पहले जिला स्तर (राजनांदगांव) और राज्य स्तर (जमशेदपुर) पर भी स्वर्ण पदक जीते थे। राष्ट्रीय फाइनल में उनकी तर्कपूर्ण प्रस्तुति, नीतिगत गहराई और आत्मविश्वास ने निर्णायकों को प्रभावित किया। तनय की मां न्यू खुर्सीपार निवासी श्रीमती श्वेता शर्मा, जो एनआईसी दुर्ग जिले में वरिष्ठ अधिकारी हैं। पिता डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बेटे की सफलता पर गर्व जताया। रूंगटा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों ने तनय को संसदीय चर्चा का उभरता सितारा बताया। तनय ने कहा यह खिताब मेरे माता-पिता, शिक्षकों और भिलाई की जनता का है। मैं संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने वाले युवाओं की पीढ़ी का हिस्सा बनना चाहता हूं। उनकी अगली योजना ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशंस में भारत का प्रतिनिधित्व करना है।



## श्यामराव बने अभा वरिष्ठ महासंघ के प्रदेश सचिव

**भिलाई।** अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ मुम्बई से संबद्ध छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कान्फेडरेशन के अध्यक्ष चन्दप्रकाश देवरस ने श्यामराव महादेवराव पाटिल को छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कान्फेडरेशन के प्रदेश सचिव के पद पर नामांकित किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव के पद पर नामांकित किए जाने पर रामराव ढोक, श्रावण पराते , लालचंद जैन, डीके मांडरीक , एलके साव, जीआर साहू, आरएन साहू और अन्य साथियों ने शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ नागरिक के सहयोग, संगठन और उत्थान के लिए समर्पित भाव के साथ काम करते रहेंगे ऐसी आशा व्यक्त की। प्रदेश सचिव बनने से वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर्ष का विषय है। उक्त जानकारी आईस्कान के प्रिविलेज मेम्बर रामराव ढोक ने दी।



रूंगटा बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर को सीएम साय ने दिया उत्कृष्ट सम्मान

# रूबी ने टेकस्टार्ट समिट में प्रदेशभर के संस्थानों के बीच जगह बनाई

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में नवाचार और तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट 2025 कार्यक्रम के दौरान राज्यभर के उन इनक्यूबेटर्स और स्टार्टअप्स को सम्मानित किया, जिन्होंने इनोवेशन के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

इस सूची में भिलाई की रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (रूबी) को भी आउट स्टेंडिंग परफॉमेंस एज इन्क्यूबेटर्स अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके अलावा रूबी से पंजीकृत स्टार्टअप वर्टेक्स सूट भी सम्मान का हकदार बना। स्टार्टअप के फाउंडर रायपुर के सजल मलहोत्रा ने अवॉर्ड लिया। उन्हें सीएम साय ने बतौर पुरस्कार 51 हजार का चेक सौंपा। डीन इन्क्यूबेशन अनुराग शर्मा ने भी मुख्यमंत्री साय के हाथों अवॉर्ड लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने, युवाओं को मार्गदर्शन देने और नई तकनीकी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में उसके योगदान के लिए दिया गया।

इसके साथ ही एनआईटी रायपुर और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को भी इनक्यूबेशन और नवाचार को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस तरह प्रदेश के प्राइवेट कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज के बीच रूंगटा यूनिवर्सिटी अकेला संस्थान रहा, जिसने उत्कृष्ट इन्क्यूबेशन सेंटर की सूची में जगह बनाई और पुरस्कार हासिल किया। एमएसएमई ने इनोवेटिव स्कीम 2025-26 के तहत देशभर में 10 फैसिलिटेशन सेंटर की शुरुआत की है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के लघु उद्योगों और उनके बिजनेस आइडिया को आगे बढ़ाने के लिए रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के संघटक इंजीनियरिंग कॉलेज को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी फैसिलिटेशन सेंटर का दर्जा दिया गया है। इसके लिए रूंगटा कॉलेज के आईपीएफसी सेंटर को अनुदान के तौर पर 47.22 लाख की ग्रांट स्वीकृत की गई है। आरसीईटी यह गौरव पाने वाला छत्तीसगढ़ का पहला निजी संस्थान बन गया है। एमएमएमई इस सेंटर के लिए एक साल में एक करोड़ रुपए तक की ग्रांट उपलब्ध कराएगा। जिससे प्रदेश के लघु उद्योगों को मदद दी जाएगी।

## वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आगाज विजेता टीम होगी सम्मानित

चैंपियनशिप के लिए हुई बैठक



**भिलाई।** भिलाई में 20वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य वॉलीबॉल चैंपियनशिप के आयोजन के लिए पहली बैठक एचवीसी वॉलीबॉल मैदान में हुई। डीएसपी हेम प्रकाश नायक के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह, नईमुद्दीन हनफी उपस्थित थे। चैंपियनशिप दलबीर सिंह उर्फ बीरा सिंह की स्मृति में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर मलकीत सिंह, जोगा राव, सुनील यादव, शाहनवाज कुरैशी, निर्मल सिंह, सुशांत डे, डी.शाजी, राजेंद्र राय, दीपक मित्रा, राजेश मणि, वीएन सोनी, टीटी गिरि सहित अन्य मौजूद थे।

ज्योतिषी

## इन देवी-देवता के सामने बिल्कुल भी न जलाएं ऐसी बाती



हिंदू धर्म में पूजा-पाठ के दौरान दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि बिना दीपक जलाए कोई भी पूजा अधूरी रहती है। दीपक प्रज्वलित करने से न केवल देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। पूजा के समय प्रायः घी, सरसों या किसी अन्य तेल में रुई की बाती बनाकर दीपक जलाया जाता है। सामान्यतः दीपक में दो प्रकार की बाती का उपयोग किया जाता है। लंबी बाती और गोल बाती। दोनों का अपना अलग धार्मिक महत्व होता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि ये दोनों प्रकार की बातियां अलग-अलग देवी-देवताओं और पितरों के लिए समर्पित की जाती हैं। आइए जानते हैं कि कौन-सी बाती किस देवता या पितृ के समक्ष जलाना शुभ माना जाता है।

इन देवी-देवताओं को जलाएं गोल बाती

गोल बाती, जिसे फूल बाती भी कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार, गोल बाती वाला दीपक ब्रह्मा जी, इंद्र देव, भगवान शिव, विष्णु जी और अन्य देवताओं की पूजा के समय जलाना शुभ होता है। इसके अलावा, तुलसी के पौधे के सामने दीपक जलाते समय भी गोल बाती का प्रयोग करना चाहिए। ऐसा करने से घर में स्थिरता, शांति और मां लक्ष्मी का स्थायी वास बना रहता है। साथ ही, जब आप पीपल या बड़ के पेड़ की पूजा करें, तो केवल गोल बाती का दीपक ही जलाएं। भूलकर भी इस समय लंबी बाती का प्रयोग न करें, क्योंकि यह पूजा के शास्त्रीय नियमों के विपरीत माना जाता है।

**किन्हें जलाएं लंबी बाती का दीपक :** हिंदू शास्त्रों के अनुसार, लंबी बाती वाला दीपक अत्यंत शुभ माना जाता है, लेकिन इसे केवल विशेष पूजा-अवसरों पर ही जलाना चाहिए। ऐसी बाती मां लक्ष्मी, दुर्गा जी, सरस्वती देवी और अन्य देवियों की पूजा के समय, कुल देवता की आराधना या आंवला वृक्ष के नीचे दीपक जलाने में उपयोग की जानी चाहिए। लक्ष्मी जी के सामने लंबी बाती जलाने से धन-संपत्ति में वृद्धि होती है, जबकि कुल देवता की पूजा में इसका प्रयोग वंश-वृद्धि और परिवार की समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि लंबी बाती जलाने से सुख, शांति, ऐश्वर्य और आर्थिक समृद्धि में वृद्धि होती है।

**अमावस्या या विशेष तिथि पर जलाएं ये दीपक :** यदि आप अमावस्या या किसी विशेष तिथि पर पितरों के लिए दीपक जला रहे हैं, तो हमेशा लंबी बाती का ही प्रयोग करें। गोल बाती जलाने से पितर असंतुष्ट हो जाते हैं, जिससे घर में दरिद्रता, अशांति और बीमारियों का प्रभाव बढ़ सकता है। कहा जाता है कि लंबी बाती से जलाया गया दीपक पितरों को प्रसन्न करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा एवं सुख-समृद्धि लाता है।

## सोते समय बिस्तर के पास रखने से बचें ऐसी चीजें जिससे खड़ी हो कोई परेशानी



बेडरूम का वास्तु बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि हम अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा यहीं आराम और नींद में बिताते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, सोते समय बेडरूम में कुछ चीजें बिल्कुल भी पास नहीं रखनी चाहिए, वरना घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ सकती है और नींद पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं वो चीजें कौन सी हैं जिन्हें सोते समय बेडरूम में भूलकर भी नहीं रखना चाहिए।

**सिराहने पर घड़ी :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेड के पास या सिरहाने के पास दीवार पर घड़ी लगाना या रखना शुभ नहीं माना जाता है। इससे कमरे की सकारात्मक ऊर्जा पर असर पड़ता है और मानसिक तनाव बढ़ सकता है। अगर आप समय देखने के लिए घड़ी रखना चाहते हैं, तो उसे सोने वाली जगह से थोड़ा दूर रखें।

**बिस्तर या पास की टेबल में पर्स :** कई लोग रात में पर्स को बेड के पास रखे ड्रॉवर या टेबल पर रख देते हैं। लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज होती हैं और पैसों की हानि होने की संभावना बढ़ जाती है। अगर आप आर्थिक रूप से स्थिर रहना चाहते हैं तो अपने पर्स को बेडरूम से दूर, किसी शुभ स्थान पर रखें।

**इलेक्ट्रॉनिक सामान :** आज के समय में मोबाइल, लैपटॉप या टैबलेट को अपने बेड पर या पास में रखना बहुत आम बात हो गई है। लेकिन वास्तु के अनुसार यह आदत नुकसानदायक साबित हो सकता है। इन उपकरणों से निकलने वाला रेडिएशन नींद की गुणवत्ता पर असर डालता है और मानसिक तनाव बढ़ाता है। इसलिए सोने से पहले सभी इलेक्ट्रॉनिक चीजों को बेड से दूर रख दें।

अंदरूनी गर्माहट देने वाला खाना भी जरूरी होता है

# सर्दियों का सुपरफूड, ठंड के मौसम में आटे में मिलाएं ये चीजें, शरीर रहेगा गर्म और मजबूत

सर्दियों का मौसम आते ही ठंडी हवाएं शरीर की एनर्जी और इम्यूनिट पर असर डालती हैं। ऐसे में केवल गरम कपड़े ही नहीं, बल्कि अंदरूनी गर्माहट देने वाला खाना भी जरूरी होता है। डॉक्टरों और पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, अगर रोज की रोटियों में थोड़ा बदलाव किया जाए, तो ये सर्दियों की बीमारियों से बचाव का आसान और असरदार तरीका बन सकता है।



### कुछ चीजें आटे में मिलाएं तो मिलेंगे पोषक तत्व

आमतौर पर हम जो गेहूं की रोटियां खाते हैं, वे शरीर को एनर्जी तो देती हैं, लेकिन सर्दियों में शरीर को केवल कार्बोहाइड्रेट नहीं, बल्कि ज्यादा पोषक तत्व और गर्माहट की भी जरूरत होती है। ऐसे में अगर गेहूं के आटे में कुछ घरेलू और नेचुरल चीजें मिलाई जाएं, तो यही साधारण रोटियां सर्दियों का सुपरफूड बन जाती हैं।

### अजवाइन: पाचन और गर्माहट की रखवाली

सर्दियों में भारी खाना और कम शारीरिक गतिविधि के कारण गैस और अपच जैसी दिक्कतें बढ़ जाती हैं। गेहूं के आटे में एक चम्मच अजवाइन पाउडर मिलाने से पाचन बेहतर होता है। शरीर की आंतरिक गर्मी बनी रहती है। ये ठंड में ऊर्जा बनाए रखने में मदद करती है और पेट हल्का महसूस होता है।

### मेथी: जोड़ों के दर्द से राहत

ठंड के मौसम में जोड़ों का दर्द आम समस्या है। मेथी में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व सूजन और दर्द से राहत देते हैं। दो चम्मच मेथी पाउडर मिलाकर बनाई गई रोटियां शरीर को गर्म रखती हैं। ब्लड शुगर कंट्रोल करती हैं और मेटाबॉलिज्म मजबूत बनाती हैं।

### तिल: हड्डियों और त्वचा के लिए फायदेमंद

सर्दियों में तिल खाना एक पुरानी परंपरा रही है। तिल में कैल्शियम, आयरन और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और त्वचा को रूखापन से बचाते हैं। केवल 2–3 चम्मच तिल आटे में मिलाकर बनी रोटियां शरीर को अंदर से पोषण देती हैं। बालों की चमक भी बनाए रखती हैं।

### चना आटा: ताकत और फाइबर का स्रोत

अगर आप अपने आटे को और पौष्टिक बनाना चाहते हैं, तो उसमें 20 प्रतिशत चना आटा जरूर मिलाएं। इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर शरीर को ताकत देते हैं, ब्लड शुगर संतुलित रखते हैं और पाचन सुधारते हैं।

### इन चीजों को मिलाकर भी बनाएं रोटी-पराठे

अजवाइन, मेथी, सोंठ, तिल और चना आटा मिलाकर बनाया गया ये मिश्रित आटा हर उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद है। इससे बनी रोटियां शरीर को ठंड से बचाती हैं, ऊर्जा देती हैं और बीमारियों से रक्षा करती हैं। ये सरल घरेलू उपाय सर्दियों में सेहत और गर्माहट दोनों बनाए रखने का सबसे आसान तरीका है।

## दूसरे की अंगूठी पहनने से पहले सोचें सौ बार, वरना हो सकता है बड़ा नुकसान

कुंडली में ग्रहों की स्थिति हमारे जीवन के बारे में बहुत कुछ बताती है। इन ग्रहों की चाल से यह भी समझा जा सकता है कि आने वाले दिनों में हमारी जिंदगी में क्या बदलाव आने वाले हैं। इसी आधार पर ज्योतिष शास्त्र में कुछ रत्न पहनने की सलाह दी जाती है। रत्नशास्त्र के अनुसार, रत्न चुनने से लेकर उसे धारण करने तक कई नियम होते हैं, जिन्हें अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन बातों-बातों में कई लोग दूसरों की रत्न जड़ित अंगूठी पहनने या ट्राई करने लगते हैं। लेकिन वास्तु के अनुसार, ऐसा करना आपके लिए अशुभ साबित हो सकता है।



**किसी और की अंगूठी न पहनें :** किसी भी रत्न को पहनने से पहले उसके नियमों को जानना बेहद जरूरी है। रत्नशास्त्र के अनुसार अगर आपने एक बार रत्न पहन लिया तो उसे बार-बार उतारना या किसी और को देना नहीं चाहिए। वहीं, यदि आपसे कोई ट्राई करने के लिए आपकी रत्न वाली अंगूठी मांगे तो उसे नहीं देना चाहिए। यहां तक की खुद भी कभी किसी दूसरे की अंगूठी ट्राई करने की कोशिश न करें। दरअसल, प्रत्येक रत्न अपने साथ विशेष ऊर्जा लेकर आता है। यह ऊर्जा व्यक्ति और उसके ग्रहों के बीच एक संबंध बनाती है। अगर कोई दूसरा शख्स आपकी रत्न जड़ित अंगूठी पहनता है, तो यह ऊर्जा बेकार में उसके टच में आ जाती है, जो बिल्कुल भी सही नहीं है।

**कॅरियर व व्यक्तिगत बाधाएं आ सकती हैं :** ऐसा करने से करियर और व्यक्तिगत ग्रोथ में बाधाएं आ सकती हैं। इसके अलावा, जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी अनचाहे नकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। इसलिए दूसरों की रत्न वाली अंगूठी कभी भी पहनना या ट्राई करना भारी नुकसान दे सकता है।

**अनुभवी ज्योतिषी की सलाह से लें रत्न :** अपने लिए रत्न का चुनाव हमेशा किसी अनुभवी ज्योतिषी की सलाह पर ही करें। शौक या टेस्ट के लिए कभी भी रत्न जड़ित अंगूठी को पहनना नहीं चाहिए, क्योंकि इसके नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। एक बार रत्न पहन लेने के बाद इसकी नियमित देखभाल करना जरूरी है। अगर रत्न की सफाई करनी हो, तभी सावधानीपूर्वक इसे करें। गलती से भी अपनी अंगूठी किसी दूसरे व्यक्ति को पहनने के लिए न दें।

## ठंड में खाना बनाने का नहीं करता मन तो महज 15 मिनट में बन जाएंगे कई पकवान

सर्दियों के दौरान ठंड बढ़ने की वजह से रसोई में खड़े होना तक मुश्किल हो जाता है। ऐसे में खाना बनाने का दिल नहीं करता, लेकिन पेट भरना भी जरूरी है। आज के लेख में हम आपकी इस समस्या का समाधान लेकर आए हैं। आज हम आपको 5 ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जो महज 15 मिनट में बन जाते हैं। इनका स्वाद तो लाजवाब होता ही है, साथ ही इनकी रेसिपी भी आसान होती है।

**गोभी के पराठे :** सर्दियों में गोभी ज्यादा मिलती है, जिससे आप लजीज पराठे बना सकते हैं। इसके लिए गोभी को साफ करके कद्दूकस कर लें। इसके बाद इसमें हरी मिर्च, नमक, लाल मिर्च पाउडर और चाट मसाला मिलाएं। आटे को बेल कर उसकी गोल रोटियां बनाएं और उसमें गोभी वाले मिश्रण को भरें। इसके बाद इसे बंद करके दोबारा बेलें। तवे पर तेल या घी गर्म करें और पराठों को सुनेहरा होने तक सेक लें।

**सब्जियों वाली खिचड़ी :** सब्जियों वाली खिचड़ी गर्माहट प्रदान करेगी और 15 मिनट के अंदर बन भी जाएगी। इसके लिए आपको मूंगदाल, चावल, हरी मटर, गाजर, आलू, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट, हल्दी, नमक और घी की जरूरत होगी। सबसे पहले मूंगदाल और चावल को धोकर भिगो दें और एक पैन में घी गर्म करें। उसमें जीरा, हींग और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। अब इसमें सभी सब्जियां डालकर भूनें और उसके बाद मूंगदाल और चावल डालकर पकाएं।



**लेमन राइस :** लेमन राइस दक्षिण भारतीय खान-पान में मशहूर है, जो बहुत जल्दी बन जाता है। इसके लिए चावल को पकाएं और ठंडा कर लें।

एक पैन में तेल गर्म करके उसमें मूंगफली डालें और सुनहरी हो जाने पर उसमें करी पत्ते और सूखी लाल मिर्च डालें। इसके बाद इसमें हरी मिर्च, हल्दी, नमक और कड़ी पत्ते का पाउडर मिलाएं। इसमें पके हुए चावल और नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसमें भुना हुआ मूंगफली का पाउडर मिलाकर परोसें।



## ठंड के मौसम में हार्ट अटैक से सुरक्षित रहने के लिए अपनाएं कुछ अहम सावधानियां

सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। ठंड के कारण खून की नलियों में सिकुड़न आ जाती है, जिससे शरीर का तापमान बिगड़ सकता है और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी सावधानियों के बारे में बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप खुद को और अपने परिवार को इस खतरे से बचा सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। इन सुझावों को अपनाकर आप सर्दियों में सुरक्षित रह सकते हैं।

### गर्म कपड़े पहनें


सर्दियों में सबसे जरूरी है कि आप खुद को गर्म रखें। गर्म कपड़े पहनने से आपका शरीर ठंड के प्रभाव से बचा रहता है और खून की नलियां भी सही तरीके से काम करती रहती हैं। ऊनी स्वेटर, मफलर और टोपी पहनें ताकि आपका पूरा शरीर गर्म रहे। इसके अलावा गर्म कपड़े पहनने से आप बीमारियों से भी बचे रह सकते हैं और आपका दिल भी स्वस्थ रहता है।

### गर्म पेय का सेवन करें

गर्म पेय जैसे चाय, कॉफी या फिर अदरक वाली चाय पीने से शरीर को अंदरूनी गर्माहट मिलती है, जो खून के बहाव को बेहतर बनाती है और हार्ट अटैक के खतरे को कम करती है। अदरक वाली चाय में मौजूद गुण खून की नलियों को खोलते हैं, जिससे रक्तचाप नियंत्रित रहता है। इसके अलावा गर्म पेय पीने से आपको ठंड का एहसास कम होता है और आप बीमारियों से बचे रहते हैं।

### खान-पान पर ध्यान दें

सर्दियों में खान-पान पर खास ध्यान देना जरूरी है। पौष्टिक आहार जैसे हरी सब्जियां, फल, सूखे मेवे आदि का सेवन करें ताकि शरीर को सभी जरूरी विटामिन और खनिज मिल सकें। इनसे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है और आप बीमारियों से बचे रहते हैं। इसके अलावा इन खाद्य पदार्थों में मौजूद गुण दिल को स्वस्थ रखते हैं और खून की नलियों को सही तरीके से काम करने में मदद करते हैं।



### धूम्रपान और शराब से बचें

धूम्रपान और शराब पीने से दिल पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इनसे रक्तचाप बढ़ता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। इसलिए इन आदतों को छोड़ना बहुत जरूरी है। अगर आप पहले ही इन आदतों को छोड़ चुके हैं तो यह बहुत अच्छी बात है। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपने परिवार को सर्दियों में सुरक्षित रख सकते हैं और उन्हें स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

### नियमित एक्सरसाइज करें

नियमित एक्सरसाइज न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। सर्दियों में लोग अक्सर कम सक्रिय हो जाते हैं, जिससे वजन बढ़ता है और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना 30 मिनट की हल्की एक्सरसाइज जैसे टहलना, योग या फिर स्ट्रेचिंग करने से आपका दिल स्वस्थ रहता है और आप फिट एंड फाइन रहते हैं। इससे आपका ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है और आप बीमारियों से बचे रहते हैं।

कार्नर न्यूज

सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और आर्थिक स्थिति में सुधार होता है

# घर के माहौल को सकारात्मक बना देती हैं इन जानवरों की मूर्ति या तस्वीर

पुराने समय से ही कई जानवर अच्छे भाग्य और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। वास्तुशास्त्र में भी इन जानवरों के महत्व को बताया गया है। माना जाता है कि इन जानवरों की तस्वीर या मूर्ति रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। आइए आज हम आपको उन पांच शुभ जानवरों के बारे में बताते हैं, जिनकी तस्वीर या मूर्ति घर में रखने से समृद्धि आ सकती है।



### ताकत, गति और समृद्धि का प्रतीक घोड़ा

घोड़ा ताकत, गति और समृद्धि का प्रतीक है। वास्तुशास्त्र के अनुसार, घोड़े की तस्वीर या मूर्ति घर में रखने से ऊर्जा बढ़ती है और कामों में सफलता मिलती है, खासकर अगर घोड़े की तस्वीर या मूर्ति को पश्चिम दिशा में रखा जाए तो यह विशेष लाभ देता है। इसके अलावा घोड़े की तस्वीर या मूर्ति को पानी से भरे बर्तन के पास रखने से भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### कछुआ लंबे जीवन और स्थिरता का प्रतीक

ऐसा माना जाता है कि कछुए की तस्वीर या मूर्ति घर में रखने से परिवार के सदस्यों की उम्र लंबी होती है और वे स्वस्थ रहते हैं। इसके अलावा कछुए की तस्वीर या मूर्ति को पानी से भरे बर्तन में रखने से भी घर में शांति बनी रहती है। कछुए को घर में रखने से परिवार के सदस्यों में एक-दूसरे के प्रति प्यार और सहयोग बढ़ता है।

### समझदारी, ताकत व समृद्धि का प्रतीक हाथी

हाथी समझदारी, ताकत और समृद्धि का प्रतीक है। हाथी की तस्वीर या मूर्ति को घर के प्रवेश द्वार पर लगाने से सकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है और नकारात्मक ऊर्जा बाहर रहती है। इसके अलावा हाथी की तस्वीर या मूर्ति को उत्तर दिशा में रखने से आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और काम में सफलता मिलती है। हाथी की मूर्ति को धन की देवी लक्ष्मी के सामने रखने से भी समृद्धि बढ़ती है।



### कछुआ और घोड़ा मिलाकर रखना

अगर आप दोनों शुभ जानवरों यानी कछुए और घोड़े को एक साथ मिलाकर रखते हैं तो यह विशेष लाभकारी माना जाता है। इस मेल से घर में समृद्धि बढ़ती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। इसके अलावा यह मेल घर में सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखता है और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है।

### मछली से बढ़ती है घर की आवक

मछली जल तत्व से संबंधित होने के कारण धन और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। वास्तुशास्त्र में मछली के एक या दो जोड़े रखने से घर में धन की आवक बढ़ती है। इसके अलावा मछली की तस्वीर या मूर्ति को पानी से भरे बर्तन में रखने से भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार इन सभी शुभ जानवरों को अपने घर में शामिल करके आप सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं और अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## बेंगलुरू कॉन्सर्ट में बदसलूकी के बाद एकॉन का नया वीडियो वायरल



सिंगर एकॉन अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए भारत आए हैं। 14 तारीख को उन्होंने बेंगलुरू में परफॉर्म किया। 16 तारीख को मुंबई में उनका कॉन्सर्ट था। बेंगलुरू म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान तो एकॉन के साथ फैंस ने बदसलूकी की, कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची, इससे वह असहज हो गए। अब एक और वीडियो सिंगर का वायरल हुआ है, जिसमें फैंस से बचने के लिए वह अलग ही तरीका अपनाते दिखे। सोशल मीडिया यूजर्स ने भी इस नए वायरल वीडियो पर भी रिएक्शन दिए हैं। सिंगर एकॉन के वायरल वीडियो में वह फैंस के बीच हैं, लेकिन फैंस उन्हें छू नहीं पा रहे हैं। दरअसल, एकॉन एक बड़ी से ट्रांसपेरेंट बॉल के अंदर है। इस बड़ी से बॉल को फैंस उन्हें हाथों पर उठाया हुआ है। एकॉन बॉल के अंदर गाना भी गा रहे हैं। इस तरह से वह पहले भी कई कॉन्सर्ट में परफॉर्म कर चुके हैं। यह उनका सिग्नेचर स्टाइल है। फैंस ने भी एकॉन की इस यूनीक परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया है। यूजर्स ने एकॉन के नए वीडियो पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'भाई खुद को बचा रहा है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'लोगों का भरोसा नहीं है कि ये एकॉन को कॉन्सर्ट से भी बाहर कर दें।' एक और फैन ने लिखा, 'अब यह छम्मक छल्लो गाने की तरह घूम रहे हैं।' कई यूजर्स ने इस वीडियो को खूब लाइक किया है। सिंगर एकॉन हॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर हैं। उन्होंने

टॉलीवुड

## अपनी जिंदगी के बेहतरीन और शांति से भरे दौर से गुजर रही हूं : मीरा



मीरा वासुदेवन ने सिर्फ मलयालम फिल्मों के जरिए ही अलग पहचान नहीं बनाई है। वह तमिल, हिंदी और तेलुगु भाषा की फिल्मों और टीवी सीरियल का हिस्सा रह चुकी हैं। हाल ही में वह अपने निजी जीवन को लेकर चर्चा में आईं। सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने अपने तलाक की खबर साझा की। मीरा वासुदेवन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'मैं एक्ट्रेस मीरा वासुदेवन, आधिकारिक तौर पर इस बात की घोषणा करती हूं कि अगस्त 2025 से सिंगल हूं। मैं अपनी जिंदगी के बेहतरीन और शांति से भरे दौर से गुजर रही हूं।'मीरा वासुदेवन ने पिछले साल ही साल ही विपिन पुथियांकम से शादी की थी। अब इनका तलाक हो चुका है। इससे पहले भी उनके दो तलाक हो चुके हैं। मीरा ने साल 2005 में विशाल अग्रवाल से शादी की, जुलाई 2010 में इनका तलाक हो गया। इसके बाद मलयालम अभिनेता जॉन कोकेन से मीरा वासुदेवन ने शादी की। इनका एक बेटा भी हुआ, लेकिन साल 2016 में जॉन कोकेन से भी मीरा का तलाक हो गया। मीरा वासुदेवन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट सलमान खान की फिल्म 'जानम समझा करो' में अभिनय किया था। वह बतौर एक्ट्रेस हिंदी फिल्म 'बी13' और 'जादू सा चल गया' जैसी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। हिंदी के अलावा उन्होंने मलयालम फिल्मों में सबसे ज्यादा काम किया है। साथ ही तमिल और तेलुगु की कई फिल्में भी की हैं।

भोजपुरी

## प्रवेश की पर्सनल लाइफ से कोई प्रॉब्लम नहीं : नीलम



बिग बॉस 19 में नजर आईं नीलम गिरी सोशल मीडिया पर काफी फेमस हो गई हैं। घर के अंदर नीलम गिरी को हर कोई पसंद करता था। अब नीलम गिरी ने घर से बाहर आने के बाद अपनी भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर बात की है। नीलम गिरी का नाम भोजपुरी स्टार प्रवेश लाल यादव से जुड़ा था। नीलम ने इस बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि प्रवेश उनके बहुत अच्छे मित्र हैं और वो उन्हें बहुत अच्छे से समझते हैं। नीलम गिरी ने कहा, प्रवेश जी के साथ एक गाना मेरा चल गया था, तो उनको ऐसा लगा कि अगर इनको लेकर आगे भी काम करेंगे तो बहुत सारे गाने इनके चलेंगे और ऐसा हुआ भी। ऐसा नहीं है कि उनको नुकसान हुआ और मुझे क्या है, मुझे तो पेमेंट मिल ही रहा है, गाने अच्छे चल रहे हैं तो क्या तकलीफ हैऔर बैनर भी बड़ा है। नीलम से पूछा गया कि जब ऐसी बातें उठ रही थीं कि प्रवेश शादीशुदा मर्द हैं और ये सब हो रहा है तो वो कैसे डील कर रही थीं। इसपर नीलम ने कहा, मुझे उनकी पर्सनल लाइफ से कोई प्रॉब्लम नहीं है। उससे मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मैं एक प्रोड्यूसर और एक्टर के तौर पर उन्हें देखती हूं, तो मेरे लिए वही बहुत बड़ी बात है और उससे ही मुझे मतलब है। मुझे उनसे पर्सनली कभी कोई मतलब नहीं रहा है और न अब है। नीलम ने कहा कि ऐसी खबरें हो सकता है सेट से भी यहां-वहां हो जाती होंगी, लेकिन अधिकतर मीडिया की तरफ से ही ऐसी बातें आती हैं। बता दें, नीलम गिरी और प्रवेश लाल यादव कई प्रोजेक्ट्स में साथ नजर आ चुके हैं। इसी वजह से कई बार दोनों का नाम जोड़ा गया। हालांकि, नीलम ने साफ कर दिया कि ऐसा कुछ भी नहीं है।

लाइफ स्टाइल

## सूट पहनकर दिखाया ग्लैमरस अंदाज

मिस यूनिवर्स 2025 के प्री-इवेंट में मिस इंडिया मनिका विश्वकर्मा अपने शानदार ट्रेडिशनल लुक से सबका दिल जीतती नजर आईं। उन्होंने डिजाइनर जिगर माली की मरून अनारकली पहनकर रॉयल और एलिगेंट अंदाज में भारतीय संस्कृति की खूबसूरती दिखाई। मानिका ने इस लुक को एक्सेसराइज करने के लिए गोल्डन झुमके, कढ़ाईदार चोकर और ट्रेडिशनल बैंगल्स पहने। उनका हेयरस्टाइल खुला रखा गया था, जिससे बालों की नेचुरल स्मूदनेस और शाइन झलक रही थी।



# नई नवेली दुल्हन हैं तो जान लें ऐसे स्टाइलिंग हैक्स, दिखेंगी बेहद खूबसूरत

नई नवेली दुल्हन के लिए शादी का दिन सबसे खास होता है। इस दिन हर लड़की चाहती है कि वह सबसे सुंदर दिखे। शादी की तैयारियों में अक्सर छोटी-छोटी बातें अनदेखी हो जाती हैं। इसलिए आज हम आपके लिए कुछ ऐसे स्टाइलिंग हैक्स लेकर आए हैं, जो आपकी शादी के दिन को और भी खास बना सकते हैं। इन हैक्स को अपनाकर आप न सिर्फ सुंदर दिखेंगी, बल्कि आरामदायक भी महसूस करेंगी।

**सही साड़ी चुनें :** शादी के दिन साड़ी पहनना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। सही साड़ी का चुनाव करना बहुत जरूरी है। बनारसी साड़ी हमेशा अच्छा विकल्प होता है, लेकिन अगर आप उसे पहनने में असहज महसूस करती हैं तो शिफॉन या जॉर्जेट साड़ियां भी बेहतरीन होती हैं। इनकी हल्की वजन और आरामदायक होती हैं। इसके अलावा इनकी कढ़ाई भी बहुत सुंदर होती है, जो आपको शाही लुक देगी। अपने आराम को ध्यान में रखते हुए सही साड़ी चुनें।



**ब्लाउज की फिटिंग पर दें ध्यान :** ब्लाउज की फिटिंग बहुत अहम होती है। अगर आपका ब्लाउज थोड़ा ढीला या टाइट है तो उसे ठीक करवाना न भूलें। सही फिटिंग वाला ब्लाउज आपके लुक को और भी खास बनाएगा। इसके अलावा ब्लाउज के डिजाइन पर भी ध्यान दें। अगर आप पारंपरिक लुक चाहती हैं तो कढ़ाई वाला ब्लाउज चुनें, जो आपकी साड़ी के साथ मेल खाता हो। अगर आप आधुनिक अंदाज चाहती हैं तो नए डिजाइन वाले ब्लाउज आजमाएं।

### बालों की स्टाइल पर दें ध्यान

बालों की स्टाइल भी आपके लुक का अहम हिस्सा होता है। शादी के दिन बालों को खुला रखना अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन अगर आपके बाल लंबे हैं तो उन्हें खुला रखना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में आप चोटी वाली स्टाइल आजमा सकती हैं, जो न केवल सुंदर दिखेगा बल्कि आरामदायक भी रहेगा। इसके अलावा आप अपने बालों में फूल या अन्य गहने लगा सकती हैं, जो आपको शाही लुक देंगे और आपको आरामदायक महसूस कराएंगे।

### मेकअप पर दें ध्यान

शादी का मेकअप ऐसा होना चाहिए जो पूरे दिन टिके रहे और आपको सुंदर दिखाए। भारी मेकअप करने की बजाय हल्का मेकअप करें जिसमें फाउंडेशन, काजल, लिपस्टिक आदि शामिल हों। इसके अलावा अपने चेहरे पर थोड़ा-सा गुलाबी रंग जरूर लगाएं ताकि आपका चेहरा ताजा दिखे। इन स्टाइलिंग हैक्स को अपनाकर आप अपनी शादी के दिन न केवल सुंदर दिखेंगी बल्कि आरामदायक भी महसूस करेंगी। इसलिए इन टिप्स को ध्यान में रखते हुए अपनी शादी की तैयारियां पूरी करें।

# सर्दियों की पार्टियों के लिए महिलाएं चुनें ऐसे आउटफिट, लगेंगी स्टाइलिश

फैशन



सर्दियों में पार्टी का मजा ही कुछ अलग होता है। इस मौसम में सही कपड़े पहनना बहुत जरूरी है ताकि आप न केवल गर्म रहें, बल्कि स्टाइलिश भी दिखें। इस लेख में हम कुछ ऐसे कपड़ों की बात करेंगे, जो सर्दियों की पार्टियों के लिए बेहतरीन हैं। ये कपड़े न केवल आरामदायक हैं, बल्कि आपको खास भी बनाएंगे।

**ऊनी लंबी ड्रेस :** ऊनी लंबी ड्रेस सर्दियों की पार्टियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाती है। आप इसे अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में चुन सकती हैं। इसके साथ आप ऊनी जैकेट या शॉल भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएगा। लंबी ड्रेस के साथ ऊनी मोजे पहनें ताकि आपके पैर भी ठंड से सुरक्षित रहें और आप पूरी तरह आरामदायक महसूस करें।

**कोट के साथ स्कर्ट :** कोट के साथ स्कर्ट एक बढ़िया और फैशनेबल विकल्प हो सकता है। आप किसी भी रंग की स्कर्ट के साथ विपरीत रंग का कोट पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक खास लगेगा। इसके अलावा आप इसे ऊंची एड़ी वाले जूते के साथ पहन सकती हैं ताकि आपका लुक और भी आकर्षक लगे। अगर आप ठंड से बचना चाहती हैं तो इसके नीचे गर्म कपड़े पहन सकती हैं, जिससे आपको गर्माहट भी मिलेगी और आप स्टाइलिश भी दिखेंगी।

**डेनिम जैकेट के साथ ड्रेस :** डेनिम जैकेट हमेशा से ही फैशन में रही है और इसे आप सर्दियों की पार्टियों में भी पहन सकती हैं। एक खूबसूरत ड्रेस के ऊपर डेनिम जैकेट पहनकर आप एक आरामदायक लेकिन स्टाइलिश लुक पा सकती हैं। इसके साथ आप आरामदायक जूते या बूट्स पहन सकती हैं, जो आपके लुक को पूरा करेंगे। डेनिम जैकेट न केवल आपको आरामदायक महसूस करवाएगी, बल्कि ठंड से भी बचाएगी, जिससे आप पार्टी का पूरा आनंद ले सकें।

**स्वेटर ड्रेस :** स्वेटर ड्रेस एक आरामदायक और स्टाइलिश विकल्प हो सकता है। यह न केवल आपको गर्म रखेगा बल्कि आपको खास भी बनाएगा। आप इसे अलग-अलग रंगों में चुन सकती हैं, जो आपके चेहरे पर निखार लाएंगे। इसके साथ आप हल्के गहने पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएगी। स्वेटर ड्रेस के साथ सॉफ्ट हेयरस्टाइल रखें ताकि आपका लुक और भी मनोहर लगे और आप पूरी तरह आरामदायक महसूस करें।

**पैंट सूट :** पैंट सूट हमेशा से ही पेशेवर और सुंदर दिखता आया है। अगर आपकी पार्टी ऑफिस से जुड़ी हो तो पैंट सूट सबसे अच्छा रहेगा। इसके साथ आप हल्के गहने और हाई हील्स फुटवियर्स पहन सकती हैं, जो आपके लुक को पूरा करेंगे।

# फैशन के साथ सर्दियों में स्टाइल का हिस्सा बन सकती है शॉल, पहनकर लगेंगी सुंदर

सर्दियों के दौरान अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप शॉल पहन सकती हैं। भारतीय शॉल न केवल गर्माहट प्रदान करती हैं, बल्कि स्टाइल को भी खास बना देती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको कुछ ऐसी भारतीय शॉल के बारे में बताएंगे, जो आपके सर्दियों के कपड़ों का हिस्सा बन सकती हैं और आपको एक अलग लुक दे सकती हैं। इन शॉल की मदद से साधारण से साधारण आउटफिट भी खास बन जाएगा।

**कश्मीरी पश्मीना शॉल :** कश्मीरी पश्मीना शॉल अपनी कोमलता और गर्माहट के लिए जानी जाती हैं। ये शॉल न केवल ठंड से बचाती हैं, बल्कि उनकी डिजाइन भी बहुत आकर्षक होती हैं। पश्मीना ऊन से बनी ये शॉल लंबे समय तक चलती हैं और इन्हें संभालना भी आसान होता है। आप इन्हें पारंपरिक भारतीय पोशाक के साथ पहन सकती हैं या जींस-टीशर्ट के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। इस शॉल को धोने के बजाय ड्राई क्लीन ही करवाना चाहिए।



### कश्मीरी कढ़ाई वाले शॉल


कश्मीरी कढ़ाई वाली शॉल अपने बारीक कढ़ाई के काम के लिए मशहूर हैं। इन्हें बनाने में काफी समय लगता है, लेकिन इनकी खूबसूरती देखकर आप इनके आकर्षण को समझ सकेंगी। इन शॉल में फूल-पत्तियों जैसी कई प्रकार की डिजाइन बनाई जाती हैं, जो इनकी सुंदरता बढ़ा देते हैं।

**दारजीनी शॉल :** दारजीनी शॉल राजस्थान की खासियत मानी जाती हैं। इनका रंग-बिरंगा पैटर्न और मोटाई इन्हें बहुत ही खास बनाते हैं। ये शॉल राजस्थान के गांवों में हाथ से बनाए जाते हैं। ये बेहद गर्म होती हैं, जिसके चलते इन्हें ज्यादा ठंडी जगहों पर भी पहना जा सकता है। आप इन्हें पारंपरिक पोशाकों के साथ तो पेयर कर ही सकती हैं, साथ ही पश्चिमी कपड़ों के साथ भी लेयर कर सकती हैं।

# स्टेटमेंट गहने खरीदते समय करें सही चयन आपके व्यक्तित्व पर लगाते हैं चार चांद

स्टेटमेंट गहने एक ऐसी विशेषता होती है, जो आपके लुक को खास और आकर्षक बनाती है। यह गहने न केवल आपके कपड़ों के साथ मेल खाती है, बल्कि आपके व्यक्तित्व को भी उजागर करती है। जब आप स्टेटमेंट गहने खरीदते हैं तो कुछ बातें ध्यान में रखना जरूरी होता है ताकि आपका निवेश सही हो और आप सबसे बेहतरीन गहने पा सकें। आइए स्टेटमेंट गहने खरीदते समय ध्यान रखने योग्य बातें जानते हैं।

**अपने स्टाइल को समझें :** स्टेटमेंट गहने खरीदने से पहले अपने स्टाइल को समझना बहुत जरूरी है। यह जानना अहम है कि आपको किस तरह के गहने पहनने चाहिए, जो आपके व्यक्तित्व और कपड़ों के साथ अच्छी लगे।



उदाहरण के लिए, अगर आप पारंपरिक कपड़े पहनती हैं तो बड़े झुमके या हार अच्छे लग सकते हैं, वहीं अगर आप आधुनिक कपड़ों के साथ पहनना चाहती हैं तो सरल लेकिन आकर्षक डिजाइन वाले गहने चुनें।

**गुणवत्ता पर दें ध्यान :** स्टेटमेंट गहने खरीदते समय उनकी गुणवत्ता पर खास ध्यान देना चाहिए। सोने, चांदी या हीरे की बनी हुई गहने हमेशा बेहतर होती हैं क्योंकि इनमें लंबे समय तक टिकाऊपन होता है। इसके अलावा इनकी चमक भी बनी रहती है। नकली धातुओं से बने गहने जल्दी खराब हो सकते हैं और त्वचा पर एलर्जी भी हो सकती है इसलिए हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले गहने का चयन करें।

**रंगों का मेल देखें :** गहने खरीदते समय उनके रंगों का मेल देखना बहुत जरूरी होता है। अगर आपकी अधिकांश पोशाकें हल्के रंग की हैं तो चांदी या सफेद रंग के गहने चुनें, वहीं गहरे रंग की पोशाकों के साथ सोने के गहने अच्छे लगते हैं। इसके अलावा अगर आप रंग-बिरंगे गहने पसंद करती हैं तो अपनी पसंदीदा रंगों को ध्यान में रखते हुए कई रंगों वाले स्टोन गहने चुन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**सर्दियों के दौरान महिलाएं ठंड से बचने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखना चाहती हैं**

सर्दियों के दौरान महिलाएं ठंड से बचने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखना चाहती हैं। अगर ठीक तरह से स्टाइल की जाएं तो इस मौसम में ड्रेस भी पहनी जा सकती हैं। हालांकि, अलग-अलग प्रकार की ड्रेस के साथ अलग-अलग तरह की जैकेट लेयर करनी चाहिए। ऐसा करने से लुक आकर्षक लगता है और ठंड से भी बचाव हो जाता है। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपको किस ड्रेस के साथ कौन-सी जैकेट पहननी चाहिए।

# सर्दियों में अलग-अलग ड्रेस के साथ पहनें ऐसी जैकेट जिससे लुक बन जाए शानदार



### शार्ट ड्रेस के साथ डेनिम जैकेट

सर्दियों में आप शार्ट ड्रेस भी पहन सकती हैं, अगर उसके ऊपर डेनिम जैकेट लेयर की जाए तो। यह जैकेट जींस के यानि डेनिम के कपड़े से बनी होती है और इसकी लंबाई छोटी या क्रॉप होती है। शार्ट ड्रेस के साथ इसे पहनने से एक आदर्श फिट बनेगा, जो बनावटी नहीं लगेगा। आप डेनिम जैकेट को फ्रॉक वाली लंबी ड्रेस के साथ भी पेयर कर सकती हैं। अपनी ड्रेस से मेल खाते शेड वाली डेनिम जैकेट चुनना सही रहेगा।

### मैक्सी ड्रेस के साथ ब्लेजर

अगर आप मैक्सी ड्रेस पहनने वाली हैं तो उसके ऊपर ब्लेजर पहनकर आपका लुक पूरा हो जाएगा। मैक्सी ड्रेस पूरे शरीर को ढकती है और ठंड के लिए आदर्श रहती है। इसके साथ ब्लेजर पेयर करके आपको एक एलिगेंट और औपचारिक लुक मिल जाएगा। सैटिन के कपड़े से बनने वाली मैक्सी ड्रेस के साथ ब्लेजर सबसे आकर्षक लगते हैं। आप अपनी पसंद के मुताबिक छोटा या लंबा ब्लेजर चुन सकती हैं।

### बॉडी कॉन ड्रेस के साथ लेदर जैकेट

सर्दियों के दौरान लड़कियां ऊनी कपड़े से बनने वाली बॉडी कॉन ड्रेस पहनना पसंद करती हैं। इस तरह की ड्रेस शरीर से चिपकी हुई होती हैं, जिनमें कर्व्स निखरकर नजर आते हैं। बॉडी कॉन ड्रेस के साथ आपको लेदर की जैकेट का मेल बैठाना चाहिए। गहरे रंग वाली ड्रेस चुनें और उसके साथ काली, भूरी, चेरी लाल या मेहरून रंग की लेदर जैकेट स्टाइल करें। इन दिनों लंबी और ओवरसाइज्ड लेदर जैकेट ज्यादा चलन में हैं।



### पारंपरिक ड्रेस के साथ एथनिक जैकेट

इन दिनों इंडो-वेस्टर्न और पारंपरिक प्रिंट वाली ड्रेस का भी खूब चलन है। इन्हें एथनिक जैकेट के साथ पहनकर आप सर्दियों का एक बढ़िया आउटफिट बना सकता है। इस तरह की जैकेट पर कढ़ाई का काम किया जाता है और पारंपरिक प्रिंट होते हैं। यह आउटफिट किसी भी शादी, पार्टी या त्योहार पर आपको सबसे अलग और खूबसूरत दिखने में मदद कर सकता है। इसके साथ पारंपरिक जेवर स्टाइल करके लुक को पूरा करें।

### फ्लोई ड्रेस के साथ क्रॉप जैकेट

अगर आप फ्लोई ड्रेस पहन रही हैं तो उसके साथ क्रॉप जैकेट पहनना सही रहेगा। इस तरह की ड्रेस फ्रॉक जैसी दिखती है और हल्के कपड़े से बनती है। इसके साथ किसी भी कपड़े से बनी क्रॉप जैकेट शानदार लग सकती है। आप फ्लोई ड्रेस के ऊपर क्रॉप पफर, क्रॉप फ्लैनेल, क्रॉप डेनिम, क्रॉप स्वेटर या क्रॉप लेदर जैकेट लेयर कर सकती हैं।